# नई दिल्ली उत्तर रेलवे, प्रधान कार्यालय, बडौदा हाउस, नई दिल्ली में भारत रत्न बाबा साहेब डा0 भीम राव अम्बेडकर जी के जन्म दिवस पर समारोह का आयोजन

नई दिल्ली उत्तर रेलवे, प्रधान कार्यालय, बडौदा हाउस, नई दिल्ली में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ0 भीम राव अम्बेडकर जी के 134वें जन्म दिवस पर समारोह का आयोजन किया गया । इस समारोह में उत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक, श्री शोभन चौधुरी, अपर महाप्रबन्धक श्री अजय सिंघल सहित सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष, यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने भाग लिया । इस अवसर पर श्री चौधुरी ने पुष्पांजलि अर्पित कर बाबा साहेब के जीवन चरित्र पर अपने विचार प्रस्तुत किए । उन्होंने कहा कि हमें बाबा साहेब डॉ0 भीम राव अम्बेडकर जी के विचारों पर अमल करना चाहिए तथा कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वाह करना चाहिए । यह बाबा साहेब को हमारी सच्ची पुष्पांजलि होगी ।



# पीजीआई निदेशक ने स्वास्थ्य कर्मियों को दी बधाई

लखनऊ(आरएनएस )। एसजीपीजीआई कार्डियोलॉजी विभाग के कार्डियक कैथ लैब ने एक लाख लक्ष्य को हासिल कर कीर्तिमान स्थापित कर दिया है। जिसे कार्डियोलॉजी विभाग के कार्डियक कैथ लैब में एक लाख कैथ प्रक्रिया को निष्पादित किया गया है। जिसमें हृदय संबंधी देखभाल को आगे बढ़ाने के लिए अनगिनत घंटों के लिए समर्पण, प्रतिबद्धता को प्रस्तुत किया गया है। सोमवार को इस उपलब्धि के लिए संस्थान निदेशक प्रो.आरके धीमन ने सभी स्वास्थ्य कर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि एक लाख मामलों में से प्रत्येक केस प्रभावित जीवन का प्रतिनिधित्व करता है और सकारात्मक परिणामों पर ध्यान देने से रोगियों के हृदय स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण अंतर आया है।प्रो.धीमन ने कहा कि यह उपलब्धि हमारे कुशल स्वास्थ्यकर्मियो, चिकित्सकों और नर्सों से लेकर तकनीशियनों और सहायक कर्मचारियों तक के सहयोगात्मक प्रयासों का एक प्रमाण है। जिन्होंने सभी प्रकार की हृदय संबंधी सेवाएं इंटरवेंशन प्रदान करने में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए मिलकर काम किया है। साथ ही प्रो. धीमन ने बताया कि विभाग से हृदय संबंधी देखभाल में और अधिक गौरव हासिल करने और उत्कृष्टता जारी रखने का आग्रह किया।उन्होंने बताया कि कार्डियोलॉजी विभाग संस्थान के पहले विभागों में से एक था और पूर्व में प्रो. पीएस बिदवई, प्रो. सावित्री श्रीवास्तव, प्रो. नकुल सिन्हा, प्रो. पीके गोयल प्रमुख थे। ज्ञात हो कि वर्तमान में कार्डियोलॉजी विभाग के संकाय सदस्यों में प्रो. आदित्य कपूर, प्रो.नवीन गर्ग, प्रो. सुदीप कुमार, डॉ रूपाली खन्ना, डॉ अंकित साहू, प्रो. सत्येन्द्र तिवारी, डॉ अर्पिता कठेरिया, डॉ हर्षित खरे और डॉ अरशद नजीर शामिल हैं।

# छात्रों को शोध क्षेत्र में संस्थान की संस्कृति दिखाने का मौका – डा.शासनी

लखनऊ(आरएनएस )। राजधानी के एनबीआरआई में शोधार्थियों के लिए दो दिवसीय पादप महोत्सव की शुरूआत की गयी। सोमवार को वैऔअप–एनबीआरआई में ग्रीष्मकालीन पादप महोत्सव का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद कृषि शिक्षा विभाग डॉ. राकेश चन्द्र अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि एसीएसआईआर के निदेशक प्रो. मनोज कुमार धर उपस्थित रहे। वहीं संस्थान के निदेशक डॉ अजित कुमार शासनी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम पूरी तरह से संस्थान के विद्यार्थियों के द्वारा आयोजित किया जा रहा है।इससे सभी विद्यार्थी अपने शोध को प्रदशित कर संस्थान की संस्कृति एवं जीवंतता दिखा सकते हैं। उन्होंने कहा इस विज्ञान महोत्सव का आयोजन का मुख्य उद्देश्य शोधार्थियों की छुपी हुई प्रतिभाओं को उजागर करना एवं प्रोत्साहित करना है। साथ ही उनके अंदर विभिन्न चुनौतियों का सामना करने के लिए हिम्मत एवं जोश उत्पन्न करना है। इसी क्रम में ग्रीष्मकालीन पादप महोत्सव की संयोजक एवं मुख्य वैज्ञानिक डॉ. विधु साने ने बताया कि इस विज्ञान महोत्सव में प्रतिभागियों द्वारा दो दिनों में विभिन्न वर्गों में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी।जिसमें मौखिक व्याख्यान, पोस्टर प्रस्तुति, फोटोग्राफी प्रतियोगिता, विज्ञान प्रश्नोत्तरी, ट्रेजर हंट, विज्ञान कला शामिल है। उन्होंने बताया कि महोत्सव में संस्थान में करीब 200 से ज्यादा शोधार्थी भाग ले रहे हैं। आज विभिन्न सत्रों में पादप विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में शोधार्थियों द्वारा 22 मौखिक व्याख्यान एवं 22 पोस्टर प्रस्तुति प्रस्तुत की गयी और यह आयोजन एसीएसआईआर, गाजियाबाद द्वारा सह–प्रायोजित है। साथ ही समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. अग्रवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि आज कृषि एक ऐसा क्षेत्र बन गया है जिसमें रोजगार की अपार संभावनाएं उत्पन्न हो रही है। उन्होंने कहा कि विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत की दिशा में कृषि क्षेत्र को भी विकसित किये जा रहे प्रयासों से इस क्षेत्र में भी छात्र रूचि लेने लगे हैं। उन्होंने कहा कि आर्टीफिसियल इंटेलीजेंस, ड्रोन कृषि, जीनोमिक्स, ऊतक संवर्धन, लोजिस्टिक, मार्केटिंग अनेकों क्षेत्र अब कृषि से जुड़ रहे हैं जिनके कारण कृषि क्षेत्र में नए स्टार्ट अप बन रहे हैं और विभिन्न इनक्यूबेटर से सहायता प्राप्त कर आगे बढ़ रहे हैं।समारोह के विशिष्ट अतिथि प्रो. मनोज कुमार धर ने बताया कि शोधार्थियों एवं वैज्ञानिकों के निरंतर प्रयास से यह संस्था शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम हासिल करने के लिए अग्रसर है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष आईसीएम्आर की लगभग 28 नई प्रयोगशालाओं के जुड़ने से अब देश भर की 82 प्रयोगशालाओं तक पहुच चुका हैं।

जिसमें सात हजार से भी ज्यादा शोधार्थियों के पंजीकरण के आधार पर एसीएसआईआर अनुसन्धान कराने वाली देश की एक बड़ी संस्था बन चुकी है। समारोह के अंत में डॉ. मेहर आसिफ वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक ने धन्यवाद ज्ञापित हो गया।

# लखनऊ विवि के रोजगार मेले में पहुंचे उद्योग संघ प्रमुख

## लखनऊ विवि के रोजगार मेले में पहुंचे उद्योग संघ प्रमुख

लखनऊ(आरएनएस )। आईएमएस (प्रबंधन विज्ञान संस्थान), लखनऊ विश्वविद्यालय ने एक जॉब फेयर कार्यक्रम का आयोजन किया। यह रोजगार मेला आईएमएस, लखनऊ विश्वविद्यालय के इतिहास में अपनी तरह का पहला मेला है। यह आईएमएस और आईआईए (इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन) का सह ब्रांडेड कार्यक्रम है। आईएमएस और आईआईए ने एक एमओयू पर हस्ताक्षर किया है। उद्योग अकादमिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता की मान्यता में भारतीय उद्योग संघ (आईआईए) के प्रमुख को एक विशेष स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।यह कार्यक्रम कुलपति प्रोफेसर आलोक राय और ओएसडी प्रो. विनीता काचर के आशीर्वाद और मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत ओएसडी प्रो. विनीता काचर के प्रेरणादायक स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने शिक्षा और उद्योग के बीच की खाई को पाटने में ऐसे प्लेटफार्मों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने व्यावहारिक अनुभव के महत्व पर जोर दिया। छात्रों को बातचीत करने के अवसर का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि, नेटवर्किंग को बढ़ावा दे रहे हैं और विभिन्न उद्योगों में अमूल्य अंतर्दृष्टि सीख रहे हैं। आईआईए के चेयरपर्सन विकास खन्ना ने उद्योग रोडमैप पर भाषण दिया।उन्होंने स्टार्ट अप और अपना उद्यम रखने पर जोर दिया। भर्ती प्रक्रिया गैलेंट स्टील (24), अल्फा इंजीनियर्स (10), इंडियाना फूड्स (6), स्टॉकआर्ट (29), ए आर इंफ्रा (15), ऑरोरा फूड्स (7), वीई न्यूज (5) सहित कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ शुरू हुई। गोयल इक्विपमेंट्स (3), जेम होटल्स (4), अलकनंदा सिस्टम्स (16), नखलावी एक्सपोर्ट्स (13), मोहनाह एंटरप्राइजेज (11), उमंगोट सोलर (12), वैल्यूमेट पैकेजिंग (10), पीसीएस मैनेजमेंट कंसल्टिंग (7), सूरी परिधान और निर्यात (12) आदि।

कोष्ठक में संख्या साक्षात्कार, बातचीत, साइकोमेट्रिक परीक्षण से गुजरने वाले छात्रों की संख्या दशार्ती है। कुछ कंपनियों ने अपने उत्पादों, सेवाओं, कार्य संस्कृति, कैरियर उन्नति के अवसरों आदि का विवरण देते हुए पीपीटी (प्री प्लेसमेंट टॉक) दिया। जॉब फेयर के लिए कल आईएमएस में आने वाली कंपनियों में एचएसबीसी केनरा, वावा फूड्स, एमएमए मैट्रिक्स जिम, ओरिएंटल कंसल्टेंट्स, ट्रोइका बिजनेस सॉल्यूशंस आदि शामिल हैं। चयनित छात्रों के बारे में परिणाम कल जॉब फेयर के दूसरे दिन के बाद पता चल जाएगा।

# 17 अप्रैल को आठ सीटों पर थम जायेगा चुनाव प्रचार, त्रिकोणीय मुकाबले के आसार

लखनऊ(आरएनएस )। उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण की आठ सीटों पर 17 अप्रैल को चुनाव प्रचार थम जायेगा। लोकसभा के सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत सीटों पर प्रमुख दलों के साथ ही छोटे दल भी चुनाव प्रचार में अपनी पूरी ताकत झोंके हैं। राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो इन आठ सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबले के आसार हैं।प्रदेश की आठ लोकसभा सीटों में नगीना लोकसभा सीट को छोड़कर बाकी सात सीटों पर सपा, बसपा और भाजपा के उम्मीदवारों में त्रिकोणी मुकाबला देखने को मिल रहा है। नगीना लोकसभा में भीम आर्मी के संयोजक चन्द्रशेखर आजाद के चुनाव लड़ जाने के बाद वहां चतुष्कोणीय मुकाबला है।प्रथम चरण में सबसे ज्यादा चर्चा में रामपुर लोकसभा सीट है।

रामपुर में सपा प्रत्याशी मौलाना मोहिब्बुल्लाह नदवी के प्रचार शुरु करते आजम खान के गुट के नेताओं का उन्हें विरोध झेलना पड़ा। आजम खान के करीबी वीरेंद्र गोयल ने रामपुर सीट से बसपा उम्मीदवार जीशान खान को समर्थन दे दिया है। प्रचार समाप्ति के दो दिन बचे होने के बाद भी सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव यहां प्रचार करने नहीं गए।रामपुर सीट पर सपा के उम्मीदवार मौलाना मोहिब्बुल्लाह नदवी, बसपा के जीशान खान और भाजपा के उम्मीदवार घनश्याम सिंह लोधी में त्रिकोणीय मुकाबले में छोटे राजनीतिक दलों के सपा और भाजपा को समर्थन देने का सिलसिला जारी है।

# केनरा बैंक ने डाक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई

संवाददाता।

लखनऊ । बाबा भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर केनरा बैंक एससी एसटी एम्पलाइज और अधिकारी संगठन के द्वारा गोमतीनगर स्थित भीमराव अंबेडकर मैदान के सामने एक भव्य स्टाल लगाया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे बैंक के उपमहा प्रबंधक संजय कुमार उपस्थित हुए। उन्होंने सभी से बाबा साहेब के बनाये सिद्धांतों और उनके आदर्शों पर चल कर देश के उत्थान के सभी को अपना योगदान देने पर बल दिया। इस अवसर पर एस सी एस टी संघठन के जितेंद्र कुमार, योगेंद्र कुमार, अंकित गौतम, विकास आदि अन्य विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित रहे। सी बी ओ ए के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धनंजय, आर ओ लखनऊ प्रथम के सचिव विवेक सोनकर समेत अन्य आगन्तुक उपस्थित हुए। संघठन द्वारा विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। वरिष्ठ समाजसेवी एवं लेखक सर्व मित्र भट्ट ने उक्त जानकारी दी।



# डा0 आंबेडकर के जीवन से हम सबको प्रेरणा लेने की जरूरत –श्री सत्येंद्र कुमार

संवाददाता।

बाराबंकी, आधुनिक भारत के सामाजिक उत्थान में सबसे अधिक प्रभाव डॉक्टर भीमराव आंबेडकर के योगदान का रहा है। डॉ. आंबेडकर ने सामाजिक कुरीतियों पर करारा प्रहार करते हुए छुआछूत के विभेदीकरण के खिलाफ जीवन पर्यंत आवाज उठाई। जिलाधिकारी श्री सत्येंद्र कुमार ने लोकसभागार में डॉ भीमराव आंबेडकर की 133 वीं जयंती के अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उक्त विचार व्यक्त किये। जिलाधिकारी श्री सत्येंद्र कुमार ने रविवार को लोकसभागार में डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर के चित्र पर पुष्पार्चन किया। इसके बाद सम्पन्न कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर के जीवन से हम सबको प्रेरणा लेने की जरूरत है। वह जब पढ़ने जाते थे तो वहां पर उन्हें छुआछूत का सामना करना पड़ता था। डॉ आंबेडकर प्रतिभावान थे, उन्होंने अपनी जातिगत पृष्टभूमि के कारण भेदभाव का सामना करते हुए हिम्मत नहीं हारी और लगातार शिक्षा प्राप्त करते रहे। उन्हें कोलंबिया विश्वविद्यालय डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की। बाद में उन्हें अन्य डिग्रियां भी प्रदान कीं गईं। मैट्रिक की पढ़ाई के बाद बॉम्बे विश्वविद्यालय से सम्बद्ध एलफिंस्टन कॉलेज से पढ़ाई करने वाले वह अपने समुदाय के सबसे पहले छात्र थे। संविधान के निर्माण में भारत रत्न डॉ भीमराव आंबेडकर का अद्वितीय योगदान रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि आज उनके संवैधानिक व सामाजिक योगदान को पढ़ने व आत्मसात करने की जरूरत है, समाज से भेदभाव को मिटाने की जरूरत है, जातिगत भेदभाव समाज व देश की तरक्की में बाधक है। इस अवसर पर एडीएम अरुण कुमार सिंह ने अपने विचार रखते हुए कहा कि हम सब डॉ आंबेडकर के कार्यों पर चर्चा करते हुए उनसे कुछ सीखें तभी इस महापुरुष की भावना को मूर्तरूप देने का संकल्प पूरा हो पायेगा। शिक्षित बनो, संगठित बनो का नारा देने वाले डॉ आंबेडकर जीवन पर्यंत समाज को जागृत करते रहे। एसडीएम नवाबगंज श्री विजय त्रिवेदी ने कहा कि डॉ आंबेडकर ने लोकतंत्र को मजबूत करने के लिये एक सोच विकसित की थी,

जिसे हम सभी लोग आने वाली 20 मई को शतप्रतिशत अपने मताधिकार का प्रयोग करके लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने में अपना योगदान निभाएंगे। इस अवसर पर उपस्थित अन्य अधिकारियों ने भी अपने–अपने विचार रखे।



# गेंहू क्रय केंद्रों से किसानों को लौटना न पड़े, शिकायत मिली तो होगी कार्यवाही–डीएम

संवाददाता।

बाराबंकी, जिलाधिकारी श्री सत्येंद्र कुमार ने कहा कि गेहूं क्रय केंद्रों से किसी भी किसान को वापस नहीं होना चाहिए, किसान का गेहूं क्रय होने में किसी भी व्यवस्था की कमी नहीं होनी चाहिए। शिकायत मिली तो सम्बंधित पर होगी सखध्त कार्रवाई। जिलाधिकारी श्री सत्येंद्र कुमार ने आज लोक सभागार में जिले के सम्बंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर गेंहू क्रय केंद्रों में गेंहू तौल की अद्यतन प्रगति की जानकारी प्राप्त की और समय पर किसानों के गेंहू की तौल और भुगतान हो जाये इसके लिये सम्बंधित अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी जिम्मेदार गेंहू क्रय केंद्र प्रभारी यह सुनिश्चित कर ले कि किसानों को क्रय केंद्रों पर तौल सम्बन्धी किसी प्रकार की समस्या ना होने पाए, यदि उन्हें ऐसी कोई भी सूचना मिलती है कि किसानों को क्रय केंद्र से उनके गेंहू की तौल कराए बिना उन्हें वापस लौटाया जा रहा है तो सम्बंधित पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी श्री सत्येंद्र कुमार ने सभी गेंहू क्रय केंद्र प्रभारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गेहूं क्रय की स्थिति में और अधिक सुधार की आवश्यकता है, इसलिये समय रहते इस कार्य को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाए। किसानों की खतौनी आदि का केंद्रों पर भी प्रमाणित करने का कार्य किया जाए, गेंहू खरीद की गति में तेजी लाने के लिये लेखपाल और पंचायत सेक्रटरी को जिम्मेदारी दी जाये। सभी जिम्मेदार अधिकारी गांव गांव किसानों से सम्पर्क स्थापित करते हुए गेंहू खरीद के निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने में तन्मयता से लग जाये जिससे समय पर गेंहू खरीद का कार्य पूरा हो सके और किसानों को उनकी उपज का भुगतान भी शीघ्र मिल जाए। बैठक में एडीएम, एसडीएम और तहसीलदार, एफसीआई के अधिकारी सहित गेंहू क्रय केंद्रों के प्रभारीध साधन सहकारी समितियों के सचिवगण मौजूद रहे।



# मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत चार किमी की छात्र मानव श्रंखला का डीएम ने किया नेतृत्व

संवाददाता।

बाराबंकी मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के अंतर्गत आज प्रातः 8 बजे जिलाधिकारी आवास से जेब्रा पार्क तक मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया। इस मानव श्रृंखला में जनपद के विभिन्न कॉलेजों से आये करीब 4 हजार छात्र छात्राओं ने मानव श्रंखला बनाते हुए मतदाता जागरूकता से जुड़े तरह तरह के आकर्षक स्लोगन लिखी तख्ती लेकर लोगों को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया। मानव श्रंखला के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला निर्वाचन अधिकारीध जिला मजिस्ट्रेट श्री सत्येंद्र कुमार, पुलिस अधीक्षक श्री दिनेश कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी श्री अ. सुदन, जिला विद्यालय निरीक्षक श्री ओपी त्रिपाठी, एसडीएम सदर श्री विजय कुमार त्रिवेदी, एसडीएम सुश्री श्वेता मिश्रा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री संतोष कुमार देव पाण्डेय, जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय के प्राचार्य, सीओ सिटी, क्षेत्राधिकारी सदर, क्षेत्र अधिकारी यातायात सहित अनेक विभागों से आए अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति में मानव श्रृंखला का भव्य आयोजन किया गया। सर्वप्रथम एसडीएम सदर ने जिला निर्वाचन अधिकारीध जिला मजिस्ट्रेट श्री सत्येंद्र कुमार सहित मुख्य विकास अधिकारी और पुलिस अधीक्षक को मतदाता जागरूकता की कैप अलंकरण किया। तत्पश्चात जिला निर्वाचन अधिकारी, सत्येंद्र कुमार ने जनपद मुख्यालय के विभिन्न इंटर कॉलेज और महाविद्यालय से आए हुए छात्र– छात्राओं का अभिवादन स्वीकार करते हुए मतदाता जागरूकता अभियान की मानव श्रृंखला का अवलोकन व निरीक्षण किया। जिलाधिकारी को खुली जिप्सी से निरीक्षण करना था लेकिन मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए युवाओं से बिल्कुल करीब से मिलते हुए पूरा रूट मार्च पैदल ही चलकर पूरा किया जो निश्चित रूप से अद्भुत अविस्मरणीय बन गया। इससे पूर्व जिला विद्यालय निरीक्षक ने जनपद के विभिन्न इंटर कॉलेज जैसे जमील–उर–रहमान किदवई गर्ल्स इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, अजीमुद्दीन अशरफ इस्लामिया इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय बाराबंकी, मुंशी रघुनंदन प्रसाद सरदार पटेल महिला महाविद्यालय बाराबंकी, साईं इंटर कॉलेज, एमबी कॉलेज ऑफ एजुकेशन सहित अनेक कॉलेज के बच्चों को पूर्व निर्धारित स्थान पर खड़ा करके मानव श्रृंखला का आकार प्रदान किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मानव श्रंखला का अवलोकन किया गया। विभिन्न विद्यालयों के छात्र–छात्राओं के साथ–साथ एनसीसी स्काउट गाइड रोवर रेंजर द्वारा लगाए जा रहे मतदाता जागरूकता के नारों से माहौल पूर्ण रूप से सकारात्मक दिख रहा था। संपूर्ण व्यवस्था को देखने में यातायात विभाग, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग के तमाम वरिष्ठ अधिकारी और शिक्षकों के देखरेख में पूर्ण अनुशासन में मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से आशीष पाठक, तौहीद खान, अनंत कुमार अस्थाना, इकबाल फातिमा, आर एस धीमान, रितु अग्निहोत्री, अभिसारिका वर्मा, राहुल सूर्यवंशी, राजेंद्र त्रिपाठी, रामाधार भारती सहित अनेक शिक्षकों ने कर्मठता के साथ सहयोग प्रदान किया।



# लालगंज अधिवक्ता संघ के चुनाव कार्यक्रमों की हुई घोषणा, सात मई को पड़ेंगे वोट

संवाददाता।

प्रतापगढ़। संयुक्त अधिवक्ता संघ की कार्यकारिणी का चुनाव अगले महीने सात मई को कराया जाएगा। सोमवार को लालगंज तहसील में हुई चुनाव समिति की बैठक में निर्वाचन कार्यक्रमों की घोषणा की गयी। समिति के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल की अध्यक्षता में हुई बैठक में निर्णय लिया गया। जिसमें आगामी अठारह अप्रैल से बीस अप्रैल तक प्रत्याशियो के नामांकन के साथ नामांकन पत्रों का भी वितरण होगा। बाइस अप्रैल को नामांकन पत्रो की जांच एवं तेईस अप्रैल को नाम वापसी एवं अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। छः मई को तहसील स्थित पार्क में अध्यक्ष समेत प्रत्याशियों के दक्षता भाषण होंगे। वहीं सात मई को प्रातः आठ बजे से अपरान्ह तीन बजे तक मतदान कराया जाएगा। सायं चार बजे से मतगणना के उपरान्त चुनाव परिणामों की घोषणा की जाएगी। बैठक का संचालन महामंत्री देवी प्रसाद मिश्र ने किया। समिति के प्रवक्ता विकास मिश्र ने चुनाव कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि चुनाव में तहसील और दीवानी के पांच सौ अरसठ मतदाता मतदान प्रक्रिया में भाग लेंगे। एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र मिश्र ने आदर्श आचार संहिता के बिंदुओं की समिति को जानकारी प्रदान की। जिसका बैठक में अनुमोदन किया गया। बैठक में टीपी यादव, राममोहन सिंह, शिवाकांत उपाध्याय, कालिका प्रसाद पाण्डेय, संतोष पाण्डेय, रामलगन यादव, अजय शुक्ल गुडडू, लाल राजेन्द्र सिंह, राव वीरेन्द्र सिंह, बेनी लाल शुक्ल, वीरेन्द्र सिंह अगई, राधारमण शुक्ल आदि शामिल रहे।

# एडीएम ने जारी की मौसम सम्बन्धी एडवाइजरी, सावधान रहने की सलाह

प्रतापगढ़। एडीएम मुख्य कार्यपालक अधिकारी जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण त्रिभुवन विश्वकर्मा ने जिले के निवासियों को आपदा संबंधी एडवाइजरी जारी किया है। उन्होंने बताया है मौसम विज्ञान केन्द्र लखनऊ द्वारा जारी मौसम पूर्वानुमान के अनुसार जिले में आगामी कुछ दिनों में तेज हवायें, वज्रपात एवं वर्षा हो सकती है। उन्होने किसानों से अनुरोध किया है कि अपनी फसल को सुरक्षित कर लें। खेतों में कटी फसल को खुले में न छोड़े। बिजली के तारो के नीचे गेहू के गट्ठर न छोड़े। पशु चारे व भूसा आदि को सदैव ढक कर रखें। गेहूँ क्रय केन्द्र आदि पर विशेष व्यवस्था सुनिश्चित करते हुये फसल सुरक्षित रखे जाये। वज्रपात के दौरान पक्के भवन में ही शरण लें। वज्रपात के दौरान नदी व तालाबों के किनारे, एकल वृक्ष तथा बिजली के खम्भों के पास न जायें।

# संपादकीय

## कंकड़ फेंक कर ठहराव तोडने की कोशिश

अमेरिकी पत्रिका न्यूजवीक के एक इंटरव्यू में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चीन से सामान्य संबंध की बात की है। यह महत्त्वपूर्ण तो है ही, बल्कि माध्यम–स्रेत एवं मतदान के लिहाज से भी अनेक संकेत देता है। इसका प्राथमिक संदर्भ तो निश्चित ही भारत और चीन संबंध हैं पर इसके जरिए अमेरिका, रूस और तमाम यूरोपीय देश एवं वैश्विक समूहों–मंचों को एक स्पष्ट संदेश दिया गया है। इसके अपने सांदध्भक महत्त्व हैं। देशज मतलब यह हो सकता है कि गलवान में 2020 की हिंसक झड़प के बाद से सीमा पर हालात सामान्य बनाए जाने पर ही संबंध सुधार की पहली सख्त शर्त एक थकान में बदलने लगी है। 21वें दौर की बातचीत का कोई बड़ा आउटपुट नहीं मिला है। यह विस्तृत सीमा विवाद को सुलझाने की छह दशकों से जारी वार्ता की नियति को प्राप्त हो गई है। विपक्ष को हमलावर होने को मौका मिल रहा है। इससे सत्ता पक्ष की हानि हो सकती है। यह तर्क मान लें तो इससे विपक्ष और हमलावर हो जाएगा जो पहले ही चीन के जमीन हथियाने के मामले में मोदी पर कायर होने का आरोप लगा रहा है। ऐसी स्थिति में नरमियत दिखाना विपक्ष समेत देश एवं चीन को यह मानने का संकेत देना होगा कि प्रधानमंत्री मोदी झुक गए हैं, जो सही नहीं है। जाहिर है, मोदी जैसे प्रधानमंत्री ऐसा नहीं करेंगे–विवाद का शांतिपूर्ण हल निकालने की स्वाभाविक सदिच्छा के बावजूद। सामान्य संबंध की कामना देश के विकास से जुड़ी होती है, और कोई भी राजनेता इसकी महत्ता से इनकार नहीं कर सकता, लेकिन यह संप्रभुता की कीमत पर नहीं होती। भारत जिस जगह पर है, वहां से तो इसकी कल्पना तक नहीं की जा सकती। फिलहाल, इसका देशज अर्थ यही है कि मोदी ने कंकड़ फेंक कर ठहराव तोडने की कोशिश की है। चीन ने खुले दिल से इसका स्वागत भी किया है। हालांकि उसने भारत के रवैये में सुधार आने को अमेरिका को संदेश दिया जाना भी पढ़ा है, जो क्वाड के मंच से भारत के जरिए चीन की घेरेबंदी कराना चाहता है, लड़ाना चाहता है। बाइडेन क्वाड, यूक्रेन करते हुए भी चीन के साथ होने का इजहार करने से बाज नहीं आ रहे तो तमाम प्रतिकूलताओं के बावजूद भारत सामान्यतया की ओर क्यों नहीं बढ़ सकता। इससे अमेरिकी दौरे तेज हो जाएंगे।

## कूड़ा-करकट डालने का स्थान बनते जा रहा समुद्र तल

उन्नीसवीं सदी की शुरुआत तक गहराई की अधिक विस्तृत वैज्ञानिक समझ ने आकार लेना शुरू नहीं किया था। जैसे–जैसे यूरोपीय और अमेरिकियों की वाणिज्यिक और क्षेत्रीय आकांक्षाएं दुनिया भर में विस्तारित हुई, महासागर के बारे में अधिक सटीक और अधिक विस्तृत ज्ञान की आवश्यकता भी बढ़ी, लेकिन जल्द ही विकास की अंधाधुंध दौड़ में समुद्र की इन गहराइयों का बेजा इस्तेमाल शुरू हो गया। समुद्र की गहराई का उपयोग बड़ी मात्रा में परमाणु सामग्री के लिए अंतिम विश्राम स्थल के रूप में भी किया गया। पहले और दूसरे विश्व युद्ध के बाद के वर्षों में ब्रिटिश, अमेरिकी, सोवियत, ऑस्ट्रेलियाई और कनाडाई सरकारों ने सैकड़ों–हजारों टन अप्रचलित रासायनिक हथियारों को दुनिया भर के पानी की गहराई में या तो ड्रमों में या टुकड़ों में भेज दिया। हालांकि सार्वजनिक आक्रोश के कारण इस प्रथा को 1972 में समाप्त कर दिया गया था। वर्ष 2019 के एक अध्ययन में आर्कटिक महासागर के तल पर कम से कम 18 हजार रेडियोधर्मी वस्तुएं बिखरी हुई पाई गई, उनमें से कई को सोवियत संघ द्वारा वहां फेंक दिया गया था। जब ये वस्तुएं अपनी जहरीली विरासत को पानी में छोडना शुरू कर देंगी, तब क्या होगा? कई पर्यावरणविदों ने इस स्थिति को श्समुद्र तल पर धीमी गति से चल रहा चेर्नोबिलश्र कहा है। हालांकि सोवियत संघ ने किसी भी अन्य देश की तुलना में समुद्र तल पर अधिक परमाणु कचरा फेंका था, लेकिन वह निश्चित रूप से अकेला नहीं था। 1948 और 1982 के बीच, ब्रिटिश सरकार ने लगभग 70 हजार टन परमाणु कचरा समुद्र की गहराई में भेज दिया। भले ही कम मात्रा में ही सही, अमेरिका, स्विट्जरलैंड, जापान और नीदरलैंड ऐसे कुछ देश हैं, जिन्होंने रेडियोधर्मी सामग्री के निपटान के लिए समुद्र का उपयोग किया है। 2019 में चीनी वैज्ञानिकों ने मारियाना ट्रेंच के तल पर रहने वाले उभयचरों के शरीर में 1940 और 50 के दशक में परमाणु बमों के विस्फोट से उपजे रेडियोधर्मी कार्बन–14 की खोज की।अब जबकि अंतरराष्ट्रीय संधियां समुद्र में रेडियोधर्मी सामग्री के डंपिंग पर रोक लगाती हैं, ब्रिटिश सरकार कुम्ब्रिया के समुद्र तल के नीचे 100 टन से अधिक प्लूटोनियम सहित 750,000 क्यूबिक मीटर परमाणु कचरे के निपटान की योजना तलाश रही है। 1946 से 1993 तक, तेरह देशों ने मुख्य रूप से चिकित्सा, अनुसंधान और परमाणु उद्योग से निकले लगभग 200,000 टन परमाणुध्रेडियोधर्मी कचरे को निपटाने के लिए समुद्रों का किसी डंपिंग यार्ड की तरह उपयोग किया। भले ही समुद्र में डंपिंग के मामले में अब तक केवल निम्न स्तर के रेडियोधर्मी कचरे को ही डंप किया गया है, लेकिन समुद्र तल पर फैले सैकड़ों–हजारों टन परमाणु कचरे के धीमे क्षय की तरह, समुद्री जीवों के शरीर में लिखी गई मानव उद्योग की जहरीली विरासतें याद दिलाती हैं कि गहराई भूलने की जगह नहीं है कि जहां कुछ भी डाल दो और भूल जाओ।यह मान लेना आसान है कि हमारा ग्रह केवल स्थलीय वातावरण द्वारा परिभाषित है, वास्तव में विपरीत सच है। समुद्र में परमाणु कचरे की डंपिंग लापरवाही और लालच की एक बहुत बड़ी कहानी का सिर्फ एक हिस्सा है। प्लास्टिक और अन्य वस्तुओं के रूप में भी मानव अपशिष्ट गहरे समुद्र में हर जगह है। सबसे अधिक परेशान करने वाली बात समुद्र की गहराई में माइक्रोप्लास्टिक का बढ़ता संचय है। इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर की एक रिपोर्ट के मुताबिक, हर साल लगभग 300 मिलियन टन प्लास्टिक का निर्माण होता है, इसमें से लगभग 14 मिलियन टन प्लास्टिक कचरे के रूप में हर साल समंदर में फेंक दिया जाता है।समुद्र में परमाणु कचरे की डंपिंग लापरवाही और लालच की एक बहुत बड़ी कहानी का सिर्फ एक हिस्सा है। प्लास्टिक और अन्य वस्तुओं के रूप में भी मानव अपशिष्ट गहरे समुद्र में हर जगह है। खेल बैग, पुतले, समुद्र तट की गेंदें और बच्चों की बोतलें कई हजारों मीटर की गहराई तक समुद्र तल पर फैली हुई हैं। कुछ क्षेत्रों में ऐसी वस्तुओं की संख्या 300 वर्ग किलोमीटर से भी अधिक है। जब खोजकर्ता विक्टर वेस्कोवो 2019 में मारियाना ट्रेंच के निचले भाग पर पहुंचे, तो उन्हें न केवल एम्फिपोड्स की पहले से अज्ञात प्रजातियों का सामना करना पड़ा, बल्कि उन्हें प्लास्टिक बैग और मीठे रैपर भी मिले। सबसे अधिक परेशान करने वाली बात समुद्र की गहराई में माइक्रोप्लास्टिक का बढ़ता संचय है। समुद्र की ऊपरी परतों में माइक्रोप्लास्टिक ने खाद्य श्रृंखला पर आक्रमण किया है। जैसे–जैसे कोई शिकार की परतों के माध्यम से ऊपर की ओर बढ़ता है, उच्च और उच्चतर सांद्रता में एकत्रित होता जाता है। व्हेल और पक्षी जैसे जानवर बड़ी मात्रा में माइक्रोप्लास्टिक का उपभोग कर रहे हैं, जिससे कुपोषण हो रहा है और उन जीवों के कई अंगों को नुकसान हो रहा है। विश्व आर्थिक मंच द्वारा उजागर किए गए एक अध्ययन में चेतावनी दी गई है कि समुद्री प्लास्टिक प्रदूषण 2050 तक चौगुना हो सकता है, जबकि माइक्रोप्लास्टिक्स संभावित रूप से 2100 तक पचास गुना बढ़ सकता है।

# लोकसभा चुनाव में एक नये अध्याय की शुरुआत हो



एक सफल, सार्थक, समर्थ एवं चरित्रसम्पन्न विपक्षी नेतृत्व की आवश्यकता हर दौर में रही है, लेकिन आज यह ज्यादा तीव्रता से महसूस की जा रही है। विपक्षी नेतृत्व कैसा हो, उसका अपना साथियों के साथ–साथ सत्तापक्ष के साथ कैसा सलूक हो?लोकसभा चुनाव में चुनावी मैदान सज गया है, सभी राजनीतिक दलों में एक–दूसरे पर आरोप–प्रत्यारोपों का सिलसिला हमेशा की तरह परवान चढ़ने लगा है। राजनीति में स्वच्छता, नैतिकता एवं मूल्यों की स्थापना के तमाम दावों के अनैतिकता, दल–बदल, आरोप–प्रत्यारोप की हिंसक मानसिकता पसरी है। राजनेता दलबदल की ताल ठोक रहे हैं। दलबदलुओं को टिकट देने में कोई दल पीछे नहीं रहा, क्योंकि सवाल, येन–केन–प्रकारेण चुनाव जीतने तक जो सीमित रह गया है। सिद्धांतों और राजनीतिक मूल्यों की परवाह कम ही लोगों को रह गई है। चुनावी राजनीति देश के माहौल में कड़वाहट घोलने का काम भी कर रही है। स्वस्थ एवं मूल्यपरक राजनीति को किनारे किया जा रहा है। राजनीति पूरी तरह से जातिवाद, बाहुबल और धनबल तक सिमट गई है। हालत यह है कि अब तक राजनीति दलों ने जिन प्रत्याशियों को उतारा है, उनमें आधे से अधिक दलबदलू, अपराधी अथवा दागी हैं। ऐसे में राजनीति के स्तर में सुधार की उम्मीद आखिर कौन, किससे करे? इस मुद्दे पर राजनीतिक दलों की चुप्पी तो समझ में आती है, लेकिन चुनाव आयोग की खामोशी समझ से परे है।लोकसभा चुनाव नेतृत्व चयन का ऐतिहासिक एवं महत्वपूर्ण अवसर है, इस अवसर पर लाओत्जु ताओ ते चिंग की पुस्तक ''द ताओ ऑफ लीडरशिप'' राजनीति एवं राजनेताओं के लिये एक रोशनी है। यह एक अद्भुत, अद्वितीय एवं अप्रतिम कृति हैं जो नये युग के लिए नेतृत्व की रचनात्मक व्यूह रचना प्रस्तुत करती है। आज जबकि देश और दुनिया में सर्वत्र नेतृत्व के प्रश्न पर एक घना अंधेरा छाया हुआ है, निराशा और दायित्वहीनता की चरम पराकाष्ठा ने राजनीति एवं नेतृत्व को जटिल दौर में लाकर खड़ा कर दिया है। समाज और राष्ट्र के समुचे परिदृश्य पर जब हम दृष्टि डालते हैं तो हमें जिन विषम और जटिल परिस्थितियों से रू–ब–रू होना पड़ता है, उन विषम हालातों के बीच ठीक से राह दिखाने वाला कोई नेतृत्व नजर नहीं आता। यह मान लेने में कोई हर्ज नहीं होना चाहिए कि लोकतंत्र धुंधलका सब देख रहे हैं, लेकिन खामोशी के साथ। शायद सबकी अपनी–अपनी मजबूरियां हैं। मतदाता की मजबूरी यह है कि आखिर उसे मैदान में डटे उम्मीदवारों में से ही एक को चुनना है। इस देश ने महंगाई, बेरोजगारी, महिला अपराध, गरीबी, साम्प्रदायिकता के खिलाफ भी जनता को सड़कों पर उतरते देखा है लेकिन राजनीति में टकराव, अपराध, देश–विरोध और हिंसा की राजनीति के खिलाफ कभी कोई आंदोलन नहीं हुआ। चुनाव आयोग की अपनी सीमाएं हो सकती हैं, लेकिन जेल में बैठे–बैठे लोग चुनाव लड़ भी लेते हैं और जीत भी जाते हैं। खलनायक नायक बनने लगे हैं। चुनाव लड़ने के लिए अधिकतम खर्च की सीमा सरेआम ध्वस्त होती है, लेकिन आयोग कुछ कर नहीं पाता। चुनाव प्रचार के दौरान अपशब्दों का उच्चारण–गालीगलोच खुल्लम–खुल्ला होता है, लेकिन आयोग नोटिस देकर ही अपने दायित्व से मुक्त हो जाता है। मतदाताओं के वोट खरीदने के लिए उन्हें सरेआम पैसे ही नहीं शराब तक बांटी जाती है, लेकिन किसी उम्मीदवार के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती। जनता राजनीति के गिरते स्तर से त्रस्त तो है, लेकिन उसके खिलाफ आवाज नहीं उठाती। इन लोकसभा चुनाव में यह चुप्पी टूटनी चाहिए और आजादी के अमृतकाल को अमृममय बनाने वाला नेतृत्व सामने आना चाहिए। ऐसा नेतृत्व जो देश को अग्रणी आर्थिक महाशक्ति के रूप में ले जाये एवं विकास की स्वर्णिम गाथा को गढ़े।एक सफल, सार्थक, समर्थ एवं चरित्र सम्पन्न विपक्षी नेतृत्व की आवश्यकता हर दौर में रही है, लेकिन आज यह ज्यादा तीव्रता से महसूस की जा रही है। विपक्षी नेतृत्व कैसा हो, उसका अपना साथियों के साथ–साथ सत्तापक्ष के साथ कैसा सलूक हो? उसमें क्या हो, क्या न हो? वह क्या करे, क्यों करे, कब करे, कैसे करे? इत्यादि कुछ जटिल एवं गंभीर प्रश्न हैं जिनके जवाब ढूंढ़े बिना हम एक सक्षम विपक्षी नेतृत्व को उजागर नहीं कर सकते। इन प्रश्नों के उत्तरों की कसौटी पर ही हमें आने वाले सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के नेतृत्व को कसना होगा। जिस नेतृत्व के पास इन प्रश्नों के उत्तर होंगे, जो समयज्ञ होगा, सहिष्णु होगा, तटस्थ होगा, दूरदर्शी होगा, निःस्वार्थी होगा, वैसा ही नेतृत्व जिस राष्ट्र को प्राप्त होगा, उसकी प्रगति को संसार की कोई शक्ति बाधित नहीं कर सकेगी। ऐसा ही नेतृत्व नया इतिहास बना सकेगा और भावी पीढ़ी को उन्नत दिशाओं की ओर अग्रसर कर सकेगा। आज चुनाव प्रचार में जिस तरह की आरोप–प्रत्यारोप की हिंसक संस्कृति पनपी है, एक दूसरे पर जूते–चप्पल फेंके जाते है, पत्थर से हमला किया जाता है, छोटी–छोटी बातों पर अभद्र शब्दों का व्यवहार, हो–हल्ला, छींटाकशी और हंगामा आदि घटनाएं ऐसी है जो नेतृत्व को धुंधलाती है। नेतृत्व को लेकर लोगों की मानसिकता में बहुत बदलाव आया है, आज योग्य नेतृत्व की प्यासी परिस्थितियां तो हैं, लेकिन बदकिस्मती से अपेक्षित नेतृत्व नहीं हैं। जलाशय है, जल नहीं है। नगर है, नागरिक नहीं है। भूख है, रोटी नहीं है–ऐसे में हमें सोचना होगा कि क्या नेतृत्व की इस अप्रत्याशित रिक्तता को भरा जा सकता है? क्या राष्ट्र के सामने आज जो भयावह एवं विकट संकट और दुविधा है उससे छुटकारा मिल सकता है? हालही में नेतृत्व के प्रश्न पर एक करारा व्यंग्य पढ़ा था–'देश और ट्रेन में यही अंतर है कि ट्रेन को लापरवाही से नहीं चलाया जा सकता।' यानी देश के संचालन में की गई लापरवाही तो क्षम्य हैं पर ट्रेन के पटरी से उतरने में की गई लापरवाही क्षम्य नहीं, क्योंकि इसके साथ आदमी की जिंदगी का सवाल जुड़ा है। मगर हम यह न भूलें कि देश का नेतृत्व अपने सिद्धांतों और आदर्शों की पटरी से जिस दिन उतर गया तो पूरी इन्सानियत एवं राष्ट्रीयता की बरबादी का सवाल उठ खड़ा होगा। आज देश में लोकतांत्रिक, सांस्कृतिक, नैतिक जीवन–मूल्यों के मानक बदल गये हैं न्याय, कानून और व्यवस्था के उद्देश्य अब नई व्याख्या देने लगे हैं। चरित्र हासिए पर आ गया, सत्ता केन्द्र में आ खड़ी हुई। ऐसे समय में कुर्सी पाने की दौड़ में लोग जिम्मेदारियां नहीं बांटते, चरित्र बांटने लगते हैं और जिस देश का चरित्र बिकाऊ हो जाता है उसकी आत्मा को फिर कैसे जिन्दा रखा जाए, चिन्तनीय प्रश्न उठा खड़ा हुआ है। आज कौन अपने दायित्व के प्रति जिम्मेदार है? कौन नीतियों के प्रति ईमानदार है? इस संदर्भ में आचार्य तुलसी का कथन यथार्थ का उद्घाटन करता है कि ''ऐसा लगता है कि राजनीतिज्ञ का अर्थ देश में सुव्यवस्था बनाए रखना नहीं, अपनी सत्ता और कुर्सी बनाए रखना है। राजनीति का अर्थ उस नीतिनिपुण व्यक्ति से नहीं, जो हर कीमत पर राष्ट्र की प्रगति, विकास–विस्तार औ[र] समृद्धि को सर्वोपरि महत्व [दे] किन्तु उस विदूषक–विशार[द] व्यक्तित्व से है, जो राष्ट्र [के] विकास और समृद्धि को अवनि[ति] के गर्त में फेंककर भी अप[नी] कुर्सी को सर्वोपरि महत्व दे[ता] है।'' राजनैतिक लोगों से महात्[मा] बनने की उम्मीद तो नहीं [की] जा सकती, पर वे पशुता [पर] उतर आएं, यह ठीक नहीं है। वर्तमान विपक्षी नेतृत्व की सब[से] बड़ी विसंगति और विषमता य[ह] है कि वह परदोषदर्शी है, [जो] सत्तापक्ष की अच्छाई में भी बुरा[ई] देखने वाले हैं। यह नेतृत्व कुटि[ल] है, मायाबी है, नेता नहीं, अभिने[ता] है, असली पात्र नहीं, विदूष[क] की भूमिका निभाने वाला है। यह नेतृत्व सत्ता– प्राप्ति के लि[ए] कुछ भी करने से बाज न[हीं] आता, यहां तक जिस जनता [के] कंधों पर बैठकर सत्ता त[क] पहुंचने के लिये

# चुनाव में व्यक्ति नहीं, मूल्यों की स्थापना का दौर चले

लोकतंत्र के महापर्व पर समझना चाहिए कि हमने जीने का सही अर्थ ही खो दिया है। यद्यपि बहुत कुछ उपलब्ध हुआ है। कितने ही नए रास्ते बने हैं। फिर भी किन्हीं दृष्टियों से हम भटक रहे हैं। भौतिक समृद्धि बटोरकर भी न जाने कितनी रिक्तताओं की पीड़ा सही है।लोकसभा चुनावों की सरगर्मियां उग्र से उग्रतर होती जा रही है, पहली बार भ्रष्टाचार चुनावी मुद्दा बन रहा है, कुछ भ्रष्टाचार मिटाने की बात कर रहे हैं तो कुछ भ्रष्टाचारियों को बचाने की बात कर रहे हैं। मुसलमान वोटों की राजनीति करने वाले दल अपने घोषणा पत्रों में उनके कल्याण की कोई बात ही नहीं कर रहे हैं, मुसलमानों का सशक्तीकरण करने की बचाय उनके तुष्टीकरण को प्राथमिकता दी जा रही है। कुछ दल देश–विकास की बात कर रहे हैं तो कुछ दल विकास योजनाओं की छिछालेदार कर रहे हैं। किसी भी दल के चुनावी मुद्दे में पर्यावरण विकास की बात नहीं हैं। व्यक्ति नहीं, मूल्यों की स्थापना के स्वर कहीं भी सुनाई नहीं दे रहे हैं। सत्ता और स्वार्थ ने अपनी आकांक्षी योजनाओं को पूर्णता देने में नैतिक कायरता दिखाई है। केजरीवाल जेल से सरकार चलाने की बात करके नैतिक एवं राजनीतिक मूल्यों के आन्दोलन से सरकार बनाने के सच को ही बदनुमा बना दिया है। इसकी वजह से लोगों में विश्वास इस कदर उठ गया कि चौराहे पर खड़े आदमी को सही रास्ता दिखाने वाला भी झूठा–सा लगता है। आंखें उस चेहरे पर सचाई की साक्षी ढूंढती हैं। समस्याओं से लड़ने के लिये हमारी तैयारी पूरे मन से होनी चाहिए। लोकतंत्र के महापर्व पर समझना चाहिए कि हमने जीने का सही अर्थ ही खो दिया है। यद्यपि बहुत कुछ उपलब्ध हुआ है। कितने ही नए रास्ते बने हैं। फिर भी किन्हीं दृष्टियों से हम भटक रहे हैं। भौतिक समृद्धि बटोरकर भी न जाने कितनी रिक्तताओं की पीड़ा सही है। गरीब अभाव से तड़पा है, अमीर अतृप्ति से। कहीं अतिभाव, कहीं अभाव। जीवन–वैषम्य कहां बांट पाया अपनों के बीच अपनापन। अट्टालिकाएं खड़ी हो रही हैं, बस्तियां बस रही हैं मगर आदमी उजड़ता जा रहा है। पूरे देश में मानवीय मूल्यों का ह्रास, राजनीति अपराध, भ्रष्टाचार, कालेधन की गर्मी, लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन, अन्याय, शोषण, संग्रह, झूठ, चोरी जैसे–अनैतिक अपराध पनपे हैं। धर्म, जाति, राजनीति–सत्ता और प्रांत के नाम पर नए संदर्भों में समस्याओं ने पंख फैलाये हैं। हर बार के चुनावों की तरह इस बार भी आप, हम सभी अपने आपको जीवन से जुड़ी अंतहीन समस्याओं के कटघरे में खड़ा पा रहे हैं। कहा नहीं जा सकता कि जनता की अदालत में कहां, कौन दोषी है? पर यह चिंतनीय प्रश्न अवश्य है हम इतने उदासीन एवं लापरवाह कैसे हो गये कि राजनीति को इतना आपराधिक होने दिया? जब आपके द्वार की सीढ़ियां मैली हैं तो अपने पड़ौसी की छत पर गन्दगी का उलाहना मत दीजिए। कोई भी अच्छी शुरूआत सबसे पहले स्वयं की की जानी जरूरी है। देश के लोकतंत्र को हांकने वाले लोग इतने बदहवास होकर निर्लज्जतापूर्ण कारनामे करेंगे, इसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। चौराहे पर खड़ा आदमी सब कुछ देख रहा है। उसे कुछ सूझ नहीं रहा कि वह कौन सी राह पकड़े। आम आदमी सरकार ने शराब–शिक्षा में घोटाले किए, दागी चिन्हित भी हुए लेकिन आप सरकार ने भ्रष्टाचार को लेकर दोहरे मापदंड अपना लिए। अपनों द्वारा किया गया भ्रष्टाचार कोई भ्रष्टाचार नहीं, राबर्ट वाड्रा के खिलाफ कुछ नजर नहीं आता और वे चुनाव लड़ने की बात करते हैं। बात केवल कांग्रेस की ही नहीं है, बात राजनीतिक आदर्शों की हैं। जिसकी वकालत करते हुए कभी अन्ना हजारे तो कभी बाबा रामदेव, कभी केजरीवाल तो कभी श्री रविशंकरजी जन–आन्दोलन की अगवाई करते देते थे, अब ना तो ऐसे आन्दोलन होते हैं न ही उन पर विश्वास रहा। हमारे भीतर नीति और निष्ठा के साथ गहरी जागृति की जरूरत है। नीतियां सिर्फ शब्दों में हो और निष्ठा पर संदेह की परतें पड़ने लगें तो भला उपलब्धियों का आंकड़ा वजनदार कैसे होगा? बिना जागती आंखों के सुरक्षा की साक्षी भी कैसी! एक वफादार चौकीदार अच्छा सपना देखने पर भी इसलिए मालिक द्वारा तत्काल हटा दिया जाता है कि पहरेदारी में सपनों का खयाल चोरी को खुला आमंत्रण है। भाजपा जो हमेशा राजनीतिक शुचिता की बात करती रही, उसकी शुचिता कहां है? कितने दागी एवं अपराधी नेताओं को उसने अपने दल में जगह ही नहीं दी, टिकट तक दे दिया। हो सकता है 400 के बड़े लक्ष्य को हासिल करने के लिये भाजपा की कुछ मजबूरियां हो। कमल तो खिलेगा ही, लेकिन उस खिलाहट में मजबूरियों के नाम पर मूल्यों के साथ समझौता नहीं होता तो यह लोकतंत्र को स्वस्थ बनाने का एक अनूठा उदाहरण होता। श्रीमती इन्दिरा गांधी ने कभी कहा था कि व्यक्ति को अपने जन्म से नहीं बल्कि कर्म से पहचाना जाना चाहिए, यह वाक्य उनके पोते राहुल गांधी पर भी लागू हो रहा है। वे तमाम सुखों एवं सुविधाओं में पले–बढ़े और उन्होंने जीवन में कोई संघर्ष नहीं किया या ये कहें कि जीवन के लिए संघर्ष करने की उनके सामने कोई नौबत नहीं आई। कहते हैं– "जा के पैर न परी बिवाई, वो क्या जाने पीर पराई"। जब आप लोगों की पीड़ा को उसी भाव से महसूस नहीं कर पाते तो दूसरों को आपकी बात पर भरोसा नहीं हो पाता। इस भरोसे को पाने के लिए उस पीड़ा को पहले खुद भुगतना होता है। यही वजह है कि राहुल गांधी सच्ची और ठीक बात कहते हैं तब भी लोग उसे उस सच्चाई के साथ, उस भाव में अंगीकार नहीं कर पाते। लोकतंत्र में राजनीतिक दलों का मौजूदा यह आचरण स्वीकार्य नहीं। पूरा राजनीतिक वातावरण ही हास्यास्पद हो चुका है। यदि हालात नहीं सुधारे तो राजनीतिक दलों की दुर्गति तय है। बदलती राजनीतिक सोच एवं व्यवस्था के मंच पर बिखरते मानवीय मूल्यों के बीच अपने आदर्शों को, उद्देश्यों को, सिद्धांतों को, परम्पराओं को और जीवनशैली को हम कोई ऐसा रंग न दे दें कि उससे उभरने वाली आकृतियां हमारी भावी पीढ़ी को सही रास्ता न दिखा सकें।राजनीति का वह युग बीत चुका जब राजनीतिज्ञ आदर्शों पर चलते थे। आज हम राजनीतिक दलों की विभीषिका और उसकी अतियों से ग्रस्त होकर राष्ट्र के मूल्यों को भूल गए हैं। भारतीय राजनीति उथल–पुथल के दौर से गुजर रही है। चारों ओर भ्रम और मायाजाल का वातावरण है। भ्रष्टाचार और घोटालों के शोर और किस्म–किस्म के आरोपों के बीच देश ने अपनी नैतिक एवं चारित्रिक गरिमा को खोया है। मुद्दों की जगह अभद्र टिप्पणियों ने ली है। व्यक्तिगत रूप से छींटाकशी की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाठशाला के प्रधानाचार्य की तरह अपने दल के कार्यकर्ताओं को पाठ पढ़ाया कि वह झूठे एवं बेबुनियाद आरोपों की परवाह किए बिना तेजी से काम करें। जबकि विपक्षी दलों की सारी की सारी कवायद में एक अनर्थ सच्चाई के ही दर्शन हुए क्योंकि जैसे केवल चेहरे बदलने से दामन के दाग नहीं धुल जाते, वैसे ही कुछ युवा चेहरों को सामने खड़ा करने से क्रांतिकारी सोच पैदा नहीं की जा सकती। भ्रष्टाचार के मुद्दे को व्यक्तिगत आरोपों की झड़ी लगाकर पृष्ठभूमि में डालने की कोशिश की जा रही है।

## आज का राशिफल

मेष राशि आज आपका दिन मिला–जुला रहेगा। आज सफलता मिलने से थकान दूर हो जाएगी। आज आपकी कार्यशैली से लोग प्रभावित होंगे। आज प्रॉपर्टी संबंधी कार्य संपन्न होंगे। इसके साथ घर में भी आध्यात्मिक और सकारात्मक वातावरण बना रहेगा आज घर के बड़े बुजुर्गों के मान–सम्मान का विशेष ध्यान रखें

वृष राशिरू आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आत्मविश्वास और मनोबल के सहारे आप कोई नई उपलब्धि प्राप्त करेंगे। आज घर में रिश्तेदारों के आगमन से खुशनुमा माहौल बना रहेगा। आज व्यवसाय संबंधी किसी नए काम को शुरू करने का उचित समय है।

मिथुन राशिरू आज आपका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। आज अत्यधिक जिम्मेदारियां रहेंगी परंतु आप उचित व्यवस्था बनाकर हल भी निकाल लेंगे। आज संतान की ओर से कोई शुभ समाचार मिलने से घर में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। आज परिवारजनों के साथ कोई मनोरंजक प्रोग्राम बनेगा।

कर्क राशिरू आज आपका दिन व्यस्तता में बीतेगा। अनुभवी लोगों से मेल–मिलाप और नई जानकारियां हासिल होंगी। आज क्रोध के कारण परिस्थितियां और अधिक बिगड़ सकती हैं। आज कोई भी परेशानी आने पर शांतिपूर्ण तरीके से समाधान निकालने का प्रयास करेंगे तो सब ठीक होगा। वर्तमान परिस्थितियों में समय के अनुसार खुद में भी बदलाव लाने की जरूरत है।

सिंह राशिरू आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज कई तरह के गतिविधियों में आपका रुझान रहेगा। आज किसी भी कार्य को करने से पहले उसकी सकारात्मक व नकारात्मक पहलुओं पर अवश्य विचार कर ले। आज किसी नजदीकी मित्र या रिश्तेदार से किसी बात को लेकर विचार विमर्श करेंगे।

कन्या राशिरू आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज कार्यप्रणाली बेहतर होगी और किसी काम में उचित सफलता मिलने से उत्साह और अधिक बढ़ेगा।

तुला राशिरू आज नए कार्यों को करने में आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आज कुछ समय आत्म मनन और चिंतन में लगाए ज्यादा मेहनत की वजह से स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है, उचित भोजन का ध्यान रखें। आज व्यायाम करें इससें आपके अंदर सकरात्मक ऊर्जा बढ़ेगी।

वृश्चिक राशिरू आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज सकारात्मक गतिविधियों में खुद को व्यस्त रखेंगे। आज अपने गुस्से को कंट्रोल में रखें और फिजूलखर्चे पर भी नियंत्रण रखें आज अपनी पूरी ऊर्जा योजनाओं को क्रियान्वित करने में लगाएं लेकिन अपनी योजनाएं सार्वजनिक ना करें। आज आपका दिन भक्तिमय रहेगा।

धनु राशिरू आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज कुछ नई उपलब्धियां आपका इंतजार कर रही हैं। इस बेहतरीन समय का उचित सदुपयोग करें। आज उच्च पद पर आसीन व्यक्तियों के साथ आपका समय बीतेगा। इससे आपके मान सम्मान में वृद्धि होगी। आज घर की व्यवस्था को व्यवस्थित रखने के लिए सबको अनुशासित रखना अति आवश्यक है।

मकर राशिरू आज आपकी कई योजनाएँ समय से पूरी हो जायेंगी। आज बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद व कृपा प्राप्त होगी और उनके मार्गदर्शन में आप कोई खास निर्णय लेने में आसानी महसूस करेंगे। आज नकारात्मक प्रवृत्ति के मित्रों की किसी भी सलाह पर विश्वास ना करके अपनी योग्यता पर भरोसा रखें। आज व्यर्थ के खर्चों पर काबू रखना आपकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करेगी नौकरी कर रहे लोग अपना टारगेट आसानी से पूरा कर लेंगे

कुंभ राशिरू आज कोई बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते है। आज का दिन परिवार के साथ हर्षोल्लास में बीतेगा आज आप अनुभवी लोगों के मार्गदर्शन पर जरूर अमल करें निश्चित ही आपको सफलता मिलेगी। आज सब कुछ ठीक रहते हुए भी आपको कहीं ना कहीं खालीपन का एहसास रहेगा। आज सिर्फ सुनी सुनाई और आलोचनात्मक बातों पर ध्यान ना दें और अपनी भावनाओं व क्रोध पर नियंत्रण रखें।

मीन राशिरू आज आपके अधूरे कार्य पूरे हो जायेंगे। आज आप बच्चों से मित्रवत व्यवहार रखें और उनकी समस्याओं को सुनें और सुलझाएं, इससे उनकी आत्म निर्भरता बढ़ेगी। आज व्यवसाय में इस प्रतिस्पर्धा के दौर में बहुत मेहनत और सजग रहने की जरूरत है। आज बाहरी लोगों का अपने कार्यस्थल पर हस्तक्षेप ना होने दें। आज कोई भी निर्णय लेने में समय ना लगाएं। व्यापार में धन लाभ की प्राप्ति होगी।

# नेट पर गेंदबाज धोनी के खिलाफ डेथ ओवरों की गेंदबाजी का अभ्यास करते हैं



सीएसके के गेंदबाजी सलाहकार एरिक सिमंस ने बताया है कि उनके गेंदबाज डेथ ओवरों में गेंदबाजी का अभ्यास करने के लिए महेंद्र सिंह धोनी के खिलाफ गेंदबाजी करते हैं। जिनमें से कई रणनीतियां मैच के दौरान सफल भी होती हैं। बता दें कि धोनी ने मुंबई के खिलाफ सिर्फ चार गेंदों में 20 रन बनाये थे। चेन्नई सुपरकिंग्स के गेंदबाजी सलाहकार एरिक सिमंस ने खुलासा किया है कि उनके गेंदबाज महेंद्र सिंह धोनी के खिलाफ डेथ ओवरों की गेंदबाजी करते हैं और ट्रेनिंग सत्र में उनके खिलाफ सफल रहने वाली रणनीतियां मैच के दौरान भी अच्छा काम करती हैं। धोनी सुपरकिंग्स की पारी की आखिरी चार गेंदों पर बल्लेबाजी के लिए आए और उन्होंने पहली तीन गेंदों पर छक्के लगाकर टीम को रविवार रात मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या के आखिरी ओवर में 26 रन जुटाने में मदद की। उनकी चार गेंद में नाबाद 20 रन की पारी अंत में अंतर साबित हुई और मुंबई इंडियन्स को 20 रन से हराकर सुपरकिंग्स की टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई। सिमंस ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, ''वे हमें 200 रन से कम पर रोकने पर विचार कर रहे थे और फिर वे अचानक इस तरह के एक ओवर के साथ 206 रन का सामना कर रहे थे। वह हर बार हमें आश्चर्यचकित करता रहता है। वहां जाना और पहली ही गेंद परछक्का जड़ना और फिर उसकी तरह बल्लेबाजी जारी रखना आसान नहीं है।'' उन्होंने कहा, ''लेकिन वह नेट्स पर शानदार बल्लेबाजी कर रहा है... महेंद्र सिंह धोनी का एक और अविश्वसनीय पल।'' भारत के पूर्व गेंदबाजी कोच सिमंस ने कहा कि एक बल्लेबाज के रूप में धोनी सीएसके के लिए डेथ ओवरों में अपने गेंदबाजी कौशल का परीक्षण करने के लिए आदर्श रहे हैं। सिमंस ने कहा, ''विकेट पर उनका धैर्य... जब हम डेथ ओवरों में गेंदबाजी करते हैं तो सत्र पूर्व ट्रेनिंग में उनके खिलाफ अभ्यास करते हैं क्योंकि वह इसमें काफी अच्छे हैं। अगर हम उनके खिलाफ अपनी रणनीतियों का परीक्षण कर सकते हैं तो हम जानते हैं कि हम अच्छा प्रदर्शन करने जा रहे हैं।'' सिमंस ने स्वीकार किया कि धोनी घुटने की चोट से जूझ रहे हैं लेकिन उन्होंने कोई दर्द नहीं दिखाते हुए बहादुरी से इसका सामना किया है। उन्होंने कहा, ''हर किसी को उसकी चोटों में उसकी तुलना में अधिक रुचि है। वह उन सबसे कठोर व्यक्तियों में से एक है जिनसे मैं कभी मिला हूं। मुझे नहीं लगता कि हमें यह भी पता है कि उसे किस हद तक दर्द हो सकता है। वह बस आगे बढ़ता रहता है और अपना काम करता है।

# आरसीबी और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच भिड़ंत, ऐसी हो सकती है दोनों की प्लेइंग 11



आईपीएल 2024 का 30वां मुकाबला आरसीबी और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला जाएगा। बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले जाने वाले मुकाबले में बेंगलुरु जीत के लिए पूरी तरह से बेताब होगी। वहीं हैदराबाद भी अपनी जीत की लय को बरकरार रखना चाहेगी। आज आईपीएल 2024 का 30वां मुकाबला आरसीबी और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला जाएगा। बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले जाने वाले मुकाबले में बेंगलुरु जीत के लिए पूरी तरह से बेताब होगी। वहीं हैदराबाद भी अपनी जीत की लय को बरकरार रखना चाहेगी।पिछले मैचों में लगातार हार झेल रही आरसीबी को एख बार फिर से विराट कोहली से उम्मीदें होंगी। कोहली टीम के लिए लगातार घातक प्रदर्शन कर रहे हैं। आरसीबी ने 6 मैचों में महज 1 जीत हासिल की है और अंक तालिका में वे सबसे नीचे बने हुए हैं। विराट कोहली की बल्लेबाजी को छोड़कर टीम सभी विभागों में खराब प्रदर्शन कर रही है। विराट कोहली ने अब तक 6 मैचों में 319 रन बनाए हैं और सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में टॉप पर काबिज हैं। लेकिन टीम में सिर्फ कोहली की ही फॉर्म से बात नहीं बनेगी, टीम के अन्य सदस्यों को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा। टीम के ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल लगातार फ्लॉप साबित हो रहे हैं। उनकी फॉर्म में लौटना बेहद जरूरी है। हालांकि, टीम सनराइजर्स के खिलाफ कोई बदलाव मुश्किल ही करेगी। वहीं सनराइजर्स हैदराबाद ने अपने 5 मैचों में से 3 में जीत दर्ज की है। जबकि उसे 2 में हार झेलनी पड़ी है। पैट कमिंस की टीम अंक तालिका में चौथे नंबर पर मौजूद है। एम चिन्नास्वामी हाई स्कोरिंग वाली पिच है जिस पर एसआरएच की उम्मीदें अपने बल्लेबाजी से होंगी। जो पिछले मैचों में घातक प्रदर्शन करते आए हैं। हालांकि, उन्हें अपने गेंदबाजी विभाग पर भी थोड़ा ध्यान देना होगा। दोनों की संभावित प्लेइंग 11 आरसीबी– विराट कोहली, फाफ डु प्लेसिस (कप्तान), विल जैक्स, रजत पाटीदार, ग्लेन मैक्सवेल, दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), महिपाल लोमरोर रीस टॉपले, विजयकुमार विशाक मोहम्मद सिराज, आकाश दीप सनराइजर्स हैदराबाद– ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, ऐडन मार्करम हेनरिक क्लासेन, अब्दुल समद नितीश रेड्डी, शाहबाज अहमद पैट कमिंस (कप्तान), भुवनेश्वर कुमार, जयदेव उनादकट, टी नटराजन।

# गिलक्रिस्ट ने हार्दिक पंड्या की फिटनेस पर उठाए सवाल, कहा– 100 प्रतिशत फिट नहीं हैं

एडम गिलक्रिस्ट ने हार्दिक की फिटनेस और गेंदबाजी पर सवाल खड़े किए हैं। दरअसल, पंड्या ने दो मैचों से गेंदबाजी नहीं की थी। जिसके बाद से ही विशेषज्ञों ने उनकी फिटनेस पर सवाल खड़े करना शुरू कर दिया है। पंड्या ने सीएसके के खिलाफ गेंदबाजी का जिम्मा संभालने की ठानी और मैच में सबसे ज्यादा 43 रन लुटाए। मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या आखिरकार चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ हुए मैच में लंबी गेंदबाजी करते नजर आए। लेकिन पंड्या उम्मीदों के मुताबिक खुद को साबित नहीं कर सके। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर एडम गिलक्रिस्ट का मानना है कि इस दौरान हार्दिक पूरी तरह से फिट नजर नहीं आ रहे थे। वानखेड़े स्टेडियम में हुए मैच में हार्दिक ने 3 ओवरों का स्पेल डाला और 2 विकेट अपने नाम किए। लेकिन आखिरी ओवर में एमएस धोनी ने उन पर लगातार तीन छक्के जड़ दिए। गिलक्रिस्ट ने हार्दिक की फिटनेस और गेंदबाजी पर सवाल खड़े किए हैं। दरअसल, पंड्या ने दो मैचों से गेंदबाजी नहीं की थी। जिसके बाद से ही विशेषज्ञों ने उनकी फिटनेस पर सवाल खड़े करना शुरू कर दिया है। पंड्या ने सीएसके के खिलाफ गेंदबाजी का जिम्मा संभालने की ठानी और मैच में सबसे ज्यादा 43 रन लुटाए। वहीं क्रिकबज से बात करते हुए गिलक्रिस्ट ने कहा कि, हार्दिक पंड्या और उनकी गेंदबाजी के बारे में एकमात्र पॉजिटिव बात ये है कि वह चुनौती लेने के लिए तैयार थे। मैं कप्तान हूं, मुझमें दरार आने वाली है, लेकिन फिर वह प्रसन्नचित दिखाई देते हैं। जैसा कि हम ऑस्ट्रेलियाई खेल शब्दों में इस्तेमाल करते हैं। आप काफी धाराप्रवाह नहीं हैं। गेंद हाथ में होने के कारण वह कहीं से भी 100 प्रतिशत फिट नहीं दिखते और अगर शारीरिक स्थिति को लेकर कोई संदेह है। उनकी गेंदबाजी बिखरी हुई थी। चेन्नई के खिलाफ मैच में सिर्फ गेंदबाजी ही नहीं बल्कि हार्दिक पंड्या का बल्ला भी नहीं चला। हार्दिक को तुषार देशपांडे ने महज 2 रनों के निजी स्कोर पर जडेजा के हाथों कैच कराया और पवेलियन भेज दिया।



# रायल्स को हराकर टॉप पर पहुंचना चाहेगी केकेआर, मंगलवार को होगी महाभिड़ंत



आईपीएल 2024 में केकेआर और राजस्थान रॉयल्स के बीच टक्कर होगी। वहीं कोलकाता के ईडन गार्डन्स में रॉयल्स के बल्लेबाजों के सामने सुनील नारायण की गेंदबाजी चुनौती बन सकती है। अगले महीने 36 बरस के होने जा रहे नारायण ने 2012 और 2014 में पूर्व कप्तान गौतम गंभीर के नेतृत्व में केकेआर की दो खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी। मंगलवार को आईपीएल 2024 में केकेआर और राजस्थान रॉयल्स के बीच टक्कर होगी। वहीं कोलकाता के ईडन गार्डन्स में रॉयल्स के बल्लेबाजों के सामने सुनील नारायण की गेंदबाजी चुनौती बन सकती है। अगले महीने 36 बरस के होने जा रहे नारायण ने 2012 और 2014 में पूर्व कप्तान गौतम गंभीर के नेतृत्व में केकेआर की दो खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी। साल 2012 में नाइट राइडर्स का हिस्सा बनने के बाद से नारायण ने ईडन गार्डन्स पर अपनी गेंदबाजी से विरोधी बल्लेबाजों को काफी परेशान किया है। मेंटर के रूप में टीम में गंभीर की वापसी के बाद नारायण ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम को खिताब के दावेदारों में शामिल कर दिया है। तालिका की शीर्ष दो टीमों के बीच होने वाले इस मुकाबले में अगर केकेआर जीत दर्ज करता है तो 10 टीम की अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच जाएगा। रविवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ केकेआर की आठ विकेट की जीत में फिल सॉल्ट को नाबाद तूफानी अर्धशतक जड़ने के लिए मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। लेकिन वह नारायण थे जिनकी किफायती गेंदबाजी के सामने लखनऊ की टीम सात विकेट पर 161 रन ही बना सकी। मौजूदा सत्र में 155 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाने वाले रॉयल्स के संजू सैमसन, रियान पराग और शिमरोन हेटमायर जैसे बल्लेबाजों को हालांकि नारायण की चुनौती का हल ढूंढना होगा। यह देखना होगा कि जोस बटलर इस मुकाबले के लिए फिट हैं या नहीं। वह पंजाब किंग्स के खिलाफ रॉयल्स के पिछले मैच में नहीं खेल पाए थे। मौजूदा सत्र में नारायण बल्ले से भी काफी अच्छी फॉर्म में हैं और उन्होंने 183.51 के स्ट्राइक रेट से 33 से अधिक की औसत से रन बनाए हैं। आईपीएल के इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी मिशेल स्टार्क ने भी सुपरजाइंट्स के खिलाफ पिछले मैच में लय हासिल करते हुए 28 रन देकर तीन विकेट चटकाए थे। इस मैच में मुख्य मुकाबला केकेआर की गेंदबाजी और रॉयल्स की बल्लेबाजी के बीच होगा। केकेआर की एकमात्र कमजोर कड़ी उसके कप्तान श्रेयस अय्यर हैं जो खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं और बड़ी पारियां खेलने में विफल रहे हैं। लखनऊ के खिलाफ 162 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अय्यर 38 गेंद में 38 रन बनाकर नाबाद रहे थे लेकिन उन्हें तेज गेंदबाजों और स्पिनरों दोनों के खिलाफ परेशानी हुई थी। मौजूदा सत्र में केकेआर की बल्लेबाजी शीर्ष क्रम में सॉल्ट और नारायण की आक्रामक बल्लेबाजी और डेथ ओवरों में आंद्रे रसेल के तूफानी तेवरों पर निर्भर रही है। टीम के भारतीय बल्लेबाज मौजूदा सत्र में अब तक प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं। रिंकू सिंह को काफी मौके नहीं मिले हैं और वह चार पारियों में 63 रन ही बना पाए हैं। उप कप्तान नितीश राणा चोट के कारण नहीं खेल पा रहे। ट्रेंट बोल्ट, आवेश खान, युजवेंद्र चहल और केशव महाराज की मौजूदगी में रॉयल्स का गेंदबाजी आक्रमण मजबूत है। हालांकि यह देखना होगा कि स्टार स्पिनर रविचंद्रन अश्विन इस मैच के लिए फिट हो पाते हैं या नही टीम इस प्रकार हैं कोलकाता नाइट राइडसरू श्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नितीश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंता चमीरा, साकिब हुसैन और मुजीब उर रहमान। राजस्थान रॉयल्सरू संजू सैमसन (कप्तान), जोस बटलर, शिमरोन हेटमायर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, रियान पराग, डोनोवन फरेरा, कुणाल राठौड़, रविचंद्रन अश्विन, कुलदीप सेन, नवदीप सैनी, संदीप शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, युजवेंद्र चहल, आवेश खान , रोवमैन पॉवेल, शुभम दुबे, टॉम कोहलर–कैडमोर, आबिद मुश्ताक, नांद्रे बर्गर, तनुष कोटियन और केशव महाराज।

# एमएस धोनी चोटिल हैं! एरिक सिमंस ने किया बड़ा खुलासा



सीएसके के गेंदबाजी सलाहकार एरिक सिमंस ने एमएस धोनी को लेकर एक बड़ा खुलासा किया है। दरअसल, सिमंस का मानना है कि पूर्व कप्तान धोनी चोट से जूझ रहे हैं, लेकिन वह सीएसके लिए अपने दर्द को भी नजर अंदाज कर रहे हैं और खेल पर ध्यान दे रहे हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के गेंदबाजी सलाहकार एरिक सिमंस ने एमएस धोनी को लेकर एक बड़ा खुलासा किया है। दरअसल, सिमंस का मानना है कि पूर्व कप्तान धोनी चोट से जूझ रहे हैं, लेकिन वह सीएसके लिए अपने दर्द को भी नजर अंदाज कर रहे हैं और खेल पर ध्यान दे रहे हैं। एमएस धोनी ने पिछले मुकाबलों में पारी फिनिश करने की अपनी क्षमता का नजारा फिर से बखूबी दिखाया है। एमआई के खिलाफ वानखेड़े हुए में मैच में उन्होंने आखिरी ओवर में हार्दिक पंड्या को लगातार तीन छक्के जड़े। इस दौरान उन्होंने 4 गेंदों में 20 रन बनाए और इन्हीं रनों ने टीम को अंततरू जीत दिलाई। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में एरिक सिमंस ने बताया कि धोनी घुटने की चोट से अभी भी जूझ रहे हैं, लेकिन सीएसके लिए वह दर्द को नजरअंदाज करते हुए खेल रहे हैं। सिमंस ने कहा कि, उनसे ज्यादा बाकी सभी को उनकी चोटों में अधिक दिलचस्पी है। वह उन सबसे कठोर व्यक्तियों में से एक है जिनसे मैं कभी मिला हूं। मुझे ये भी नहीं लगता कि हमें पता है कि उन्हें किस हद तक दर्द हो सकता है या नहीं।

# आपके बैठने का स्टाइल खोलता है आपकी पर्सनैलिटी की पोल ? दूसरों का ऐसे पता करें



क्या आप जानते हैं कि आपका बैठने का तरीका आपके व्यक्तित्व के बारे में बहुत कुछ कहता है? हर व्यक्ति का बैठने का एक अलग स्टाइल होता है, और यह स्टाइल उनकी पर्सनैलिटी के कुछ खास पहलुओं को दर्शाता है. आज हम आपको 8 ऐसे बैठने के तरीके बताएंगे जो आपके बारे में दिलचस्प जानकारियां देंगे. ये तरीके यह बताएंगे कि आपका बैठना आपके व्यक्तित्व के बारे में क्या कहता है. चलिए देखते हैं कि आपके बैठने की स्टाइल से हम क्या–क्या जान सकते हैं.

पैर पर पैर चढ़ाकर बैठना

अगर आप अक्सर एक पैर को दूसरे पैर पर चढ़ाकर बैठते हैं, तो यह बताता है कि आप बहुत शांत और सब्र वाले इंसान हैं. आपके अंदर सोचने–समझने की अच्छी खासी क्षमता होती है. आप हर स्थिति को बड़े ध्यान से देखते हैं और समझते हैं. इससे आपको अपने आस–पास के माहौल का अच्छा अंदाजा होता है. आपका यह बैठने का तरीका दिखाता है कि आप गहराई से विचार करने वाले और शांत स्वभाव के व्यक्ति हैं, जो हर चीज को बारीकी से अनुभव करते हैं.

कुर्सी पर आगे की ओर झुककर बैठना

अगर आप कुर्सी पर आगे की ओर झुककर बैठते हैं, तो यह बताता है कि आप बहुत जिज्ञासु और उत्सुक होते हैं. इस तरह बैठने से पता चलता है कि आप जो भी काम करते हैं, उसमें अपनी पूरी ऊर्जा लगा देते हैं और हर चीज को बारीकी से जानने की कोशिश करते हैं. यह मुद्रा यह भी दर्शाती है कि आप किसी भी टास्क को लेकर कितने समर्पित हैं और उसे पूरा करने के लिए आप कितना प्रयास करते हैं. आपका यह बैठने का ढंग आपको एक गंभीर और मेहनती इंसान के रूप में पेश करता है, जो अपने काम को लेकर बहुत ही जागरूक और चौकस रहता है.

कुर्सी पर पीछे की ओर झुककर बैठना

अगर आप कुर्सी पर पीछे की ओर झुककर बैठते हैं, तो यह दर्शाता है कि आप बहुत रिलैक्स्ड होते हैं और जिंदगी को लेकर ज्यादा परेशान नहीं होते. यह मुद्रा बताती है कि आप दोस्ताना स्वभाव के इंसान हैं और नए लोगों से मिलने में हिचकिचाते नहीं हैं. आप आसानी से लोगों से घुलमिल जाते हैं और सबके साथ अच्छा बर्ताव करते हैं. यह सब आपकी इस बैठने की शैली से पता चलता है. आपका यह तरीका लोगों को बताता है कि आप खुले दिल और मन से जीवन जीते हैं.

सीधे तरीके से बैठना

जब कोई व्यक्ति सीधा बैठता है, तो इससे उसका आत्मविश्वास साफ झलकता है. इस तरह बैठने वाले लोगों में खुद पर काबू रखने की क्षमता होती है, और वे हर सिचुएशन को अच्छे से संभाल लेते हैं. यह मुद्रा ये भी दिखाती है कि उनमें लोगों को लीड करने की ताकत है. ऐसे लोग अपनी बातों और फैसलों से दूसरों का विश्वास जीत लेते हैं. उनका यह सीधा बैठना उन्हें दूसरों की नजर में भरोसेमंद और सम्मानित बनाता है.

एडियों को क्रॉस करके बैठना

# वर्कआउट के दौरान ज्यादा पानी पीना हो सकता है खतरनाक, जानें कैसे ?



वर्कआउट के दौरान पानी पीना तो जरूरी है, पर क्या आपको पता है कि बहुत ज्यादा पानी पीने से भी समस्या हो सकती है? जी हां, वर्कआउट करते समय अगर आप बहुत अधिक पानी पी लेते हैं, तो यह आपके हेल्थ के लिए खतरनाक हो सकता है. आइए आज हम जानते हैं कि वर्कआउट के वक्त ज्यादा पानी पीने से क्या खतरे हो सकते हैं और आपको अपने पानी पीने की मात्रा का सही तरीके से कैसे ध्यान रखना चाहिए. हम आपके लिए कुछ आसान और फायदेमंद टिप्स भी बताएंगे ताकि आप हेल्दी रह सकें.

हाइपोनैट्रेमिया का खतरा

वर्कआउट के दौरान अगर हम जरूरत से ज्यादा पानी पी लेते हैं, तो हमारे खून में सोडियम का स्तर कम हो सकता है. इसे हाइपोनैट्रेमिया कहते हैं, जो कि बहुत खतरनाक हो सकता है. सोडियम हमारे शरीर के लिए बहुत जरूरी है क्योंकि यह नर्व्स और मसल्स के काम करने में मदद करता है.

लक्षण जो बताते हैं खतरा

ज्यादा पानी पीने के बाद अगर आपको सिरदर्द, उलझन, थकान या जी मिचलाना महसूस हो रहा है, तो ये हाइपोनैट्रेमिया के लक्षण हो सकते हैं. ऐसे में तुरंत पानी पीना बंद कर दें और डॉक्टर से संपर्क करें.

सही मात्रा में पानी पिएं

हर व्यक्ति की शरीर की जरूरत अलग होती है. आम तौर पर, वर्कआउट के दौरान हर 20 मिनट में करीब 240 मिलीलीटर पानी पीना चाहिए. लेकिन यह मात्रा आपकी शारीरिक गतिविधि, मौसम, और पसीने की मात्रा पर निर्भर करती है. वर्कआउट से पहले और बाद में पानी पीने के साथ–साथ, इलेक्ट्रोलाइट्स से भरपूर ड्रिंक्स का सेवन करें. ये ड्रिंक्स सोडियम और पोटेशियम से भरपूर होते हैं जो हाइपोनैट्रेमिया के खतरे को कम करते हैं.

व्यायाम से पहले पानी पिएं

व्यायाम से पहले और व्यायाम के दौरान पानी पीना कितना जरूरी है, ये जानना बहुत जरूरी है. व्यायाम से पहले अगर आप अच्छी मात्रा में पानी पीते हैं, तो यह आपके शरीर को हाइड्रेटेड रखता है और आपकी ऊर्जा बनाए रखता है. इससे आप ज्यादा देर तक और अच्छे से व्यायाम कर पाते हैं.व्यायाम करते समय भी, हर 20 मिनट में कुछ पानी पीना चाहिए ताकि आप थकान महसूस न करें

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
लखनऊ, मंगलवार 16 अप्रैल 2024
sheelshukla100@gmail.com


# बड़े मियां छोटे मियां ने दुनियाभर में मचाया बवाल, दो दिनों में 50 करोड़ के पार हुई फिल्म

अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की एक्शन फिल्म बड़े मियां छोटे मियांच ईद के मौके पर रिलीज हुई थी. फिल्म का अजय देवनग की स्पोर्ट्स ड्रामा श्मैदानच से क्लैश हुआ था. हालांकि कमाई के मामले में मैदान बड़े मियां छोटे मियांच पर भारी पड़ रही है. वहीं वर्ल्डवाइड भी अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म धमाल मचा रही है. चलिए जानते हैं बड़े मियां छोटे मियांच ने दुनियाभर में रिलीज के दो दिनों में कितना कलेक्शन कर लिया है.श्बड़े मियां छोटे मियांच में एक्शन भी है और कॉमेडी भी. इसी के साथ ये फिल्म दर्शकों को एंटरटेनमेंट की फुल डोज दे रही है. हालांकि फिल्म को क्रिटक्स और ऑडियंस से मिला जुला रिस्पॉन्स मिला था बावजूद इसके ये फिल्म दमदार कमाई कर रही है. वर्ल्डवाइड भी श्बड़े मियां छोटे मियांच का जादू चल गया है. वहीं अब फिल्म की रिलीज के दो दिनों की वर्ल्डवाइड कमाई के आंकड़े भी आ गए हैं. इसके मुताबिक अक्षय और टाइगर की फिल्म ने दो दिन में ही हाफ सेंचुरी लगा दी है. प्रोडक्शन हाउस पूजा एंटरटेनमेंट द्वारा अपने इंस्टाग्राम पेज पर शेयर किए गए आंकड़ों के मुताबिकश्बड़े मियां छोटे मियांच ने रिलीज के दो दिनों में वर्ल्डवाइड 55.14 करोड़ की कमाई कर ली है. फिल्म ने ओपनिंग डे पर वर्ल्डवाइड 36.33 करोड़ की कमाई की थी. श्बड़े मियां छोटे मियांच की घरेलू बॉक्स ऑफिस पर कमाई की रफ्तार थोड़ी धीमी है. फिल्म ने रिलीज के पहले दिन डबल डिजीट में कारोबार किया था लेकिन दूसरे दिन फिल्म का कलेक्शन आधा रह गया. फिल्म की कमाई की बात करें तो सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक श्बड़े मियां छोटे मियांच ने रिलीज के पहले दिन 15.65 करोड़ का कलेक्शन किया था. वहीं दूसरे दिन फिल्म ने 7.6 करोड़ की कमाई की. इसी के साथ श्बड़े मियां छोटे मियांच की दो दिनों की कुल कमाई अब 23.25 करोड़ रुपये हो गई है.अली अब्बास



जफर द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर और अलाया एफ ने अहम रोल प्ले किया है. फिल्म में पृथ्वीराज सुकुमारन भी एक दिलचस्प खलनायक की भूमिका में हैं. श्बड़े मियां छोटे मियांच को वाशु भगनानी, दीपशिखा देशमुख, जैकी भगनानी, हिमांशु किशन मेहरा और अली अब्बास जफर ने प्रोड्यूस किया है. इसे मुंबई, लंदन, अबू धाबी, स्कॉटलैंड और जॉर्डन जैसी लोकेशन पर शूट किया गया है.

# बाक्स आफिस में लड़खड़ाये अजय देवगन की मैदान, दो दिन में 10 करोड़ भी नहीं कमा पाई फिल्म

अजय देवगन की मैदान साल 2024 की मच अवेटेड फिल्म थी. श्मैदानच के ट्रेलर में अजय देवगन की परफॉर्मेंस देखने के बाद फैंस का फिल्म के लिए एक्साइटमेंट लेवल काफी बढ़ गया था. ईद के मौके पर इस फिल्म ने सिनेमाघरों में दस्तक दी और इसे अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की बड़े मियां छोटे मियांच से क्लैश भी करना पड़ा. वहीं फिल्म लेकर जहां काफी हाईप था लेकिन मैदान की ओपनिंग काफी ठंडी रही. फिल्म ईद पर रिलीज होने के बावजूद 10 करोड़ भी नहीं कमा पाई. चलिए यहां जानते हैं अजय देवगन की फिल्म का दूसरे दिन बॉक्स ऑफिस पर कैसा हाल रहा देश के बेहद फेमस फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीन की बायोपिक श्मैदानच काफी उम्मीदों के साथ सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. फिल्म को क्रिटिक्स और



तमाम सेलेब्स सहित ऑडियंस से भी अच्छा रिव्यू मिला लेकिन ये फिल्म दर्शकों को थिएटरों तक खींच नहीं पाई और और इसकी ओपनिंग निराशाजनक रही.अजय देवगन की इस फिल्म ने बुधवार को पेड प्रीव्यू और गुरुवार को थिएट्रिकल रिलीज के बाद 7.10 करोड़ का कलेक्शन किया. मैदान ने ईद पर रिलीज हुई अब तक की सभी फिल्मों में सबसे कम कमाई की है. वहीं अब मैदान की रिलीज के दूसरे दिन यानी शुक्रवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े भी आ गए हैं.सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक मैदान ने रिलीज के दूसरे दिन यानी शुक्रवार को 2.75 करोड़ की कमाई की है. इसी के साथ मैदान का दो दिनों का कुल कलेक्शन अब 9.85 करोड़ रुपये हो गया है. मैदान ने घरेलू बाजार में तो कुछ खास कमाल नहीं दिखाया हालांकि वर्ल्डवाइड अजय देवगन की इस फिल्म ने थोड़ा दम दिखाया. फिल्म के मेकर बोनी कपूर ने मैदान की पहले दिन की दुनियाभर में हुई कमाई के आंकड़े शेयर किए हैं. इसके मुताबिक मैदान ने वर्ल्डवाइड 10.70 करोड़ से ओपनिंग की है. वहीं दूसरे दिन फिल्म के 15 करोड़ का आंकड़ा पार करने की उम्मीद है.अजय देवगन की पिछली रिलीज शैतान ने पहले दिन 14.5 करोड़ कमाए थे तो दूसरे दिन 18.74 करोड़ की कमाई की थी. इसी के साथ शैतान ने दो दिनों में ही 33.5 करोड़ का कलेक्शन कर लिया था. वहीं श100 करोड़ के बजट में बनी श्मैदानच बॉक्स ऑफिस पर काफी धीमी स्पीड से बढ़ रही है. फिल्म रिलीज के दो दिनों में भी घरेलू बाजार में 10 करोड़ का आंकड़ा पार नहीं कर पाई है. ऐसे में फिल्म की परफॉर्मेंस को देखते हुए इसका अपनी लागत वसूलना काफी मुश्किल लग रहा है.

# थलाइवर 171 के नए पोस्टर में जबरदस्त लुक में दिखे रजनीकांत, 22 अप्रैल रिलीज होगा फिल्म का टाइटल

गत वर्ष बॉक्स ऑफिस पर जेलर सरीखी फिल्म देने वाले रजनीकांत की इस वर्ष विशेष भूमिका वाली फिल्म लाल सलाम को असफलता का मुंह देखना पड़ा। इस फिल्म का निर्देशन ऐश्वर्या रजनीकांत ने किया था, जो रजनीकांत की बेटी हैं। असफलता को पीछे छोड़ते हुए रजनीकांत ने अपनी अगली फिल्म का ऐलान कर दिया है। उनकी इस फिल्म का निर्देशन लोकेश कनगराज करने जा रहे हैं, जिनकी पिछली तीन फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त परचम लहराया था। उनकी पिछली प्रदर्शित फिल्म लियो थी, जिसने थलापति विजय नजर आए थे। रजनीकांत की श्जेलरच ने देश के साथ पूरी दुनिया में ध्माल मचा दिया और बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई की। बहरहाल हम बात कर रहे हैं रजनीकांत की अगली फिल्म की। वे जल्द ही डायरेक्टर लोकेश कनगराज के साथ नई फिल्म लेकर आ रहे हैं। मेकर्स ने थलाइवर 171 मूवी का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज कर दिया है। इसमें रजनीकांत का धांसू लुक नजर आ रहा है। फिल्म का टाइटल फिलहाल सामने नहीं आया है। शलियोच और शविक्रमच जैसी सुपरहिट फिल्म बनाने वाले लोकेश का रजनीकांत के साथ यह पहला प्रोजेक्ट है। लोकेश ने एक्स (ट्विटर) पर पोस्ट शेयर करते हुए फिल्म के बारे में अपडेट दिया। फिल्म का टाइटल 22 अप्रैल को रिवील किया जाएगा। पोस्टर में रजनीकांत सोने की घड़ी से बनी हुई हथकड़ी पहने दिख रहे हैं। उन्होंने गोल्डन फ्रेम वाला सनग्लास भी कैरी किया हुआ है। पोस्टर के बैकग्राउंड मैकेनिकल है, जिसमें घड़ी की मैकेनिज्म देखने को मिलती है। फिल्म प्री-प्रोडक्शन फेज पर है, जो इस साल के अंत तक रिलीज हो सकती है। प्रोडक्शन सन पिक्चर्स कर रहा है, जिन्होंने पिछले साल सितंबर में इसका ऐलान किया था। फिल्म में शिवकार्तिकेयन का भी खास रोल है।

# नो एंट्री 2 में हुई श्रद्धा, कृति और मानुषी की एंट्री, कामेडी का तड़का लगाएंगी अभिनेत्रियां

बोनी कपूर पिछले काफी समय से सुर्खियां बटोर रहे हैं। जब से बोनी ने अपनी फिल्म नो एंट्री के सीक्वल का ऐलान किया है, उनका नाम मीडिया खबरों में बना हुआ है।फिल्म में नजर आने वाले अभिनेताओं के नाम पर निर्माता पहले ही मुहर लगा चुके हैं। हालांकि, फिल्म की अभिनेत्रियों को लेकर अभी तक कोई जानकारी सामने नहीं आई थी।अब एक रिपोर्ट में इसमें नजर आने वाली अभिनेत्रियों के नाम का भी खुलासा हो गया है।

बोनी ने पहले ही यह साफ कर दिया है कि नो एंट्री 2 में मुख्य भूमिका में वरुण धवन, अर्जुन कपूर और दिलजीत दोसांझ नजर आएंगे।

रिपोर्ट के मुताबिक, नो एंट्री 2 में काम करने वाली अभिनेत्रियों का चयन भी हो गया है। कथित तौर पर फिल्म से मानुषी छिल्लर, श्रद्धा कपूर और कृति सैनन के जुडने की खबर है।दावा किया जा रहा है कि तीनों अभिनेत्रियां फिल्म में कॉमेडी का तड़का लगाती नजर आएंगी।

सूत्रों ने बताया है कि मानुषी, कृति और श्रद्धा फिल्म में अर्जुन, वरुण और दिलजीत के साथ स्क्रीन साझा करती दिखाई देंगी।बता दें, मानुषी ना केवल कृति और श्रद्धा के साथ पहली बार साथ काम करती दिखाई देंगी, बल्कि वह तीनों अभिनेताओं के साथ भी पहली बार स्कीन साझा करेंगी।यह भी बताया जा रहा है कि तीनों अभिनेत्रियां फिल्म में महत्वपूर्ण भूमिकाओं में होंगी, जो कहानी को और ज्यादा मजेदार बनाने का काम करेगा।

बोनी ने अर्जुन, वरुण और दिलजीत ने नाम पर मुहर लगाते हुए कहा था, जो भी नाम बताए गए हैं वे सही हैं। फिल्म में वही अभिनेता मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। आइए आशा करते हैं कि



चीजें अच्छी तरह से काम करेंगी और यह नो एंट्री की तरह ही दिलचस्प और मजेदार बेनगी। इसकी स्क्रिप्ट बिल्कुल शानदार है। मैं बस इतना कह सकता हूं कि यह स्क्रिप्ट पहली वाली की तुलना में और ज्यादा मजेदार है। नो एंट्री 2 साल 2005 में रिलीज हुई फिल्म नो एंट्री का सीक्वल है, जिसमें सलमान खान, फरदीन खान और अनिल कपूर मुख्य भूमिका में थे।नो एंट्री को दर्शकों ने बेशुमार प्यार दिया था और यह बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी।

फिल्म का निर्देशन अनीज बज्मी ने किया था और नो एंट्री 2 की कमान भी वही संभालेंगे।नो एंट्री 2 पर काम इसी साल दिसंबर से शुरू हो जाएगा। अगले साल यह सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

# इंडियन 2 का नया पोस्टर हुआ आउट, सेनापति के किरदार में नजर आए साउथ सुपरस्टार कमल हासन

साउथ सिनेमा के सुपरस्टार कमल हासन बहुत जल्द अपनी नई फिल्म इंडियन 2 लेकर आ रहे हैं. इसे मशहूर फिल्ममेकर एस शंकर बन रहे हैं. अब मेकर्स ने इंडियन 2 का धांसू पोस्टर जारी कर दिया, जो सोशल मीडिया पर आग की तरह वायरल हो रहा है. इसके साथ ही यह भी बताया गया कि कमल हासन की इंडियन 2 इस साल किस महीने सिनेमाघरों मे दस्तक देगी.लायका प्रोडक्शंस ने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म इंडियन 2 के नए पोस्टर की झलक दिखाई है, जिनमें अलग-अलग भाषाओं में फिल्मों के टाइटल्स के भी जिक्र हैं. तमिल और दूसरी क्षेत्रीय भाषाओं में कमल हासन की फिल्म इंडियन 2 नाम से रिलीज होगी.



वहीं, हिंदी और तेलुगु वर्जन में मूवी का नाम हिंदुस्तानी 2 और भारतीयुडु 2 होगा.पोस्टर में देखा जा सकता है कि कमल हासन दमदार लुक में नजर आ रहे हैं. एक लुक में उन्होंने व्हाइट सूट पहना है, तो दूसरे लुक में उन्हें नेताजी सुभाष चंद्र बोस के आजाद हिंद फौज की यूनिफॉर्म में देखा सकता है. यह पोस्टर पुथंडु, तमिल के नए साल के मौके पर रिलीज हुए हैं. यह मूवी इस साल जून में थिएटर्स में दस्तक देगी. इंडियन 2 में कमल हासन एक बार फिर सेनापति बनकर तहलका मचाते हुए नजर आएंगे.मालूम हो कि इंडियन 2 साल 1996 में रिलीज हुई कमल हासन की फिल्म इंडियन का सीक्वल है. इस मूवी को ऑडियंस ने खूब पसंद किया था और यह बॉक्स ऑफिस पर कमाई करने के मामले में बड़ी सफल साबित थी. इंडियन कमल हासन की बेस्ट फिल्मों में से एक है. पिछली बार कमल हासन तमिल एक्शन थ्रिलर फिल्म शविक्रमच में नजर आए थे, जो साल 2022 में रिलीज हुई थी. इसमें विजय सेतुपति, फहाद फासिल और अन्य सितारों ने अहम भूमिका निभाई थी. विक्रम ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था और दुनियाभर में लगभग 450 करोड़ रुपये का बिजनेस किया था।

# दुनियाभर में गूंजी बड़े मियां छोटे मियां की दहाड़, तीन दिन में 76.01 करोड़ की कमाई

निर्देशक अली अब्बास जफर की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां एक एक्शन ड्रामा फिल्म है। फिल्म को लेकर लगातार सोशल मीडिया में हलचल मची हुई है। फिल्म में अक्षय का अभिनय हमेशा की तरह दर्शकों को बेहद पसंद आ रहा है। इस फिल्म में पहली बार अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ के साथ स्क्रीन स्पेस साझा किया है। हैरतअंगेज एक्शन दृश्यों भरी यह फिल्म न सिर्फ भारतीय दर्शकों को पसंद आ रही है, बल्कि विदेशी दर्शक भी फिल्म पर टूट कर पड़ रहे हैं। फिल्म का वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस कारोबार इस बात की गवाही दे रहा है।बड़े मियां छोटे मियां ने रिलीज के तीन दिन के भीतर ही दुनियाभर में अपनी सफलता का परचम बुलंद किया है। अपने लगातार बेहतर प्रदर्शन के साथ, बड़े मियां छोटे मियां सभी उम्र के दर्शकों का मनोरंजन करते हुए दर्शकों को खुश कर रही है। फिल्म ने तीसरे दिन भी 76.01 करोड़ की कुल कमाई के साथ दुनिया भर के दर्शकों को आकर्षित करना जारी रखा है।बड़े मियां छोटे मियां की कमाई को



देखते हुए ऐसा लगता है कि फिल्म जल्द ही 100 करोड़ के क्लब में एंट्री कर लेगी। घरेलू बॉक्स ऑफिस पर भी अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म ने 15.65 करोड़ रुपये का कारोबार किया। दूसरे दिन शुक्रवार को फिल्म ने 7.06 करोड़ कमाए। इस तरह फिल्म ने महज दो दिन के अंदर 23.28 करोड़ कमा लिए। हालांकि, तीसरे दिन फिल्म की कमाई में एक और बार उछाल देखने को मिला। फिल्म ने तीसरे दिन 5.55 करोड़ रुपये की कमाई की है, फिल्म ने अब तक 28.8 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है।अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के अलावा फिल्म में पृथ्वीराज सुकुमारन , मानुषी छिल्लर , अलाया एफ, सोनाक्षी सिन्हा और रोनित बोस रॉय भी अहम भूमिकाओं में हैं। अक्षय कुमार और टाइगर दोनों ही इंडस्ट्री में अपने एक्शन और स्टंट के लिए

मशहूर हैं। अब जब दोनों एक ही फिल्म में साथ नजर आए हैं तो पूरी उम्मीद है कि बॉक्स ऑफिस पर कुछ नए रिकॉर्ड तो जरूर बनेंगे।

## तमन्ना भाटिया की हारर-कामेडी अरनमनई 4 का जारी हुआ ट्रेलर, इस दिन रिलीज होगी फिल्म

साउथ सिनेमा की मोस्ट पॉपुलर फ्रेंचाइजी अरनमनई के चौथे पार्ट का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. जबसे इसकी घोषणा हुई है ये हॉरर कॉमेडी फिल्म चर्चा में बनी हुई है. वहीं अब फैंस के एक्साइटमेंट को दोगुना करने के लिए मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया है. अरनमनई 4 आने वाली 26 अप्रैल को रिलीज होगी फिल्म का ट्रेलर काफा शानदार है, जिसे दर्शकों की



तरफ से पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिल रहे हैं. ट्रेलर में तमन्ना भाटिया का दमदार रोल में नदर आ रही हैं. बता दें कि अरनमनई 4 को सुंदर सी ने डायरेक्ट किया है और अवनि सिनेमैक्स के बैनर तले खुशबू सुंदर ने इसे प्रोड्यूस किया है. फिल्म में सुंदर, राशि खन्ना, संतोष प्रताप और कई एक्टर्स अहम भूमिकाओं में हैं.वहीं अरनमनई 4 के अलावा, तमन्ना के पास और भी फिल्में पाइपलाइन में हैं. एक्ट्रेस बहुत जल्द जॉन अब्राहम की फिल्म वेदा में नजर आने वाली हैं. हाल ही में इस एक्शन थ्रिलर फिल्म का टीजर सामने आया था जिसमें जॉन अब्राहम फूल ऑन एक्शन मोड में दिखाई

# फुले नया मोशन पोस्टर जारी, प्रतीक-पत्रलेखा का दिखा दमदार लुक

प्रतीक गांधी इन दिनों अपनी फिल्म दो और दो प्यार को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 19 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है।इसके अलावा प्रतीक आने वाले दिनों में हंसल मेहता की वेब सीरीज गांधी में महात्मा गांधी की भूमिका में नजर आएंगे। महाराष्ट्र के महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिराव गोविंदराव फुले की जयंती के अवसर पर उनकी बायोपिक फिल्म फुले का नया मोशन पोस्टर रिलीज किया गया है. यह सीरीज इसलिए खास है क्योकि इसमें प्रतीक अपनी पत्नी भामिनी ओझा के साथ पहली बार स्क्रीन साझा करने वाली हैं।गांधी में वह कस्तूरबा गांधी की भूमिका में नजर आएंगी।प्रतीक और भामिनी असल जिंदगी में पति-पत्नी हैं और गांधी में भी पति-पत्नी (गांधी- कस्तूरबा) के किरदार में दिखाई देंगे।भामिनी ने खुशी जताते हुए कहा, मेरे लिए यह किसी सपने के सच होने जैसी



बात है। मैं और प्रतीक एक साथ एक सीरीज में वो भी पति-पत्नी की भूमिका निभाएंगे। इससे ज्यादा खुशी की बात और क्या हो सकती है।इस सीरीज में राजकुमार राव की पत्नी-अभिनेत्री पत्रलेखा भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी।प्रतीक गांधी अपनी आगामी सीरीज गांधी को लेकर बेहद उत्साहित नजर आ रहे हैं। प्रतीक इस शो में महात्मा गांधी की भूमिका में दिखाई देंगे। प्रतीक ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से अपनी पत्नी भामिनी की तस्वीर को साझा करते हुए लिखा है, एक कलाकार के तौर पर मैं भामिनी को थियेटर के दिनों से जानता हूं। मैं उनके सफर का साक्षी रहा हूं। अब हम एक साथ काम करने वाले हैं यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है। मैं भामिनी के लिए बेहद खुश हूं। मैं इस दिन का कब से इंतजार कर रहा था जब उन्हें उनकी क्षमता वाले किरदार मिले और वे उस किरदार के साथ न्याय कर सकें। मैं उन्हें कस्तूरबा के किरदार में देखने के लिए बहुत उत्साहित हूं।

हंसल मेहता अप्लॉज एंटरटेनमेंट टीम के साथ मिलकर गांधी का निर्माण कर रहे हैं। हंसल कहते हैं, भामिनी एक जबरदस्त अभिनेत्री हैं। मुझे लगता है वे कस्तूरबा के चरित्र को परदे पर बेहद खूबसूरती के साथ निभा पाएंगी। वहीं अप्लॉज एंटरटेनमेंट के प्रबंध निदेशक समीर नायर कहते हैं, वास्तविक जीवन के जोड़े प्रतीक और भामिनी को मोहन और कस्तूरबा के रूप में लेने का निर्णय हमने इसलिए किया क्योंकि ये दोनों असल जिंदगी में भी पति-पत्नी हैं और यह बात सीरीज को हकीकत के और नजदीक लाएगी। आपको बताते चलें यह सीरीज मशहूर इतिहासकार और लेखक रामचंद्र गुहा की किताब गांधी बिफोर इंडिया और गांधी-द इयर्स दैट चेंज्ड द वर्ल्ड पर आधारित होने वाली है।

